राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 46, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 02 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

श्रीराम भारतीय कला केंद्र तें प्रस्तुत किया जाएगा 'कृष्णा' का 47वां संस्करण .... पेज 03

18 कमिश्नरी में शुरू हुए अटल आवासीय विद्यालय, 57 जिलों में भी की जाएगी शुरुआत .... पेज 05

ज्यूरिख डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा ने हासिल किया दूसरा स्थान .... पेज 07

## अंग्रेज भी नहीं कर पाए तो पीएम मोदी भला कैसे करेंगे : राहुल

### पीएम मोदी सोचते हैं कि अडानी संग अपने रिश्तों से वह कांग्रेस को मिटा देंगे



मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब अंग्रेज भारत को कांग्रेस मुक्त नहीं कर सके तो भला पीएम मोदी कैसे ऐसा कर सकेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि जिस तरह से आज अमेरिका सुपरपावर है, उसी तरह कभी इंग्लैंड भी था। लेकिन वह लोग भी भारत को कांग्रेस मुक्त नहीं कर सके। उलटा, कांग्रेस ने अंग्रेजों को भारत से भगा दिया। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन पीएम मोदी सोचते हैं कि अडानी संग अपने रिश्तों से वह कांग्रेस को मिटा देंगे। पीएम सोचते हैं कि अडानी के पैसे के बल वह ऐसा करने में सफल रहेंगे।

#### अडानी को लेकर किया तंज

राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से आगे कहा कि आप सभी लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े फाइनेंशियल न्यूजपेपर की हेडिंग देखी होगी।

इसमें दावा किया गया है कि एक बिलियन डॉलर भारत से दूसरे देशों में गया और फिर वापस आया। रिपोर्टर ने यह भी दावा किया है कि मोदी जी का अडानी से बहुत पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि पूरा देश यह समझ रहा है। राहुल ने कहा कि यहां से पैसे बाहर जाते हैं और अडानी ग्रुप के शेयर के दाम बढ़ते हैं।

फिर पैसे वापस आते हैं अडानी जी एयरपोर्ट खरीदते हैं। अडानी ग्रुप के धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को निशाना बनाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि अब वह धारावी में आना चाहते हैं। क्या उन्हें पता भी नहीं होगा कि धारावी क्या है और यहां कौन लोग रहते हैं।

#### कर्नाटक नतीजों का जिक्र

राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी खत्म हो गई तो कर्नाटक में भाजपा को किसने हराया ? मुंबई में कौन सा दल है जो अकेले खड़ा ह ? उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी पार्टी नहीं टूटी, क्योंकि हमारी पार्टी आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है। यह दूसरी पार्टियों की तरह नहीं है। सभी कांग्रेसियों की नसों में एक ही खून है, निडरता का खून।

## आज 11 बजकर 50 मिनट पर होगा आदित्य एल 1 लॉन्च

नई दिल्ली। चंद्रयान-3 मिशन में सफलता की उड़ान भरने के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अब अपने Aditya-Lv Solar Mission 2023 को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सूर्य का अध्ययन करने के लिए इसरो कल सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा लॉन्चपैड से PSLV-C57 रॉकेट की मदद से मिशन को लॉन्च करेगा।

Aditya-Lv Solar Mission 2023 के प्रोपल्शन मॉड्यूल को पृथ्वी से सूर्य के निकट लैग्रेंजियन प्वाइंट 1 की लगभग 1.5 मिलियन किमी. की दूरी तय करने में लगभग 125 दिन लगेंगे। इसरो शनिवार को सुबह 11बजकर 50मिनट पर कुल सात पेलोड के साथ PSLV-C57 रॉकेट को लॉन्च करेगा। आदित्य एल1 प्रोपल्शन मॉड्यूल पृथ्वी और सूर्य के बीच स्थित लैग्रेंजियन प्वाइंट 1 तक पहुंचने के लिए लगभग 125 दिनों लगेंगे। इस दौरान वो लगभग 1.5 मिलियन किमी. की दूरी तय करेगा। लॉन्च का सीधा प्रसारण ISRO की वेबसाइट, यूट्यूब चैनल के साथ-साथ इसके सोशल मीडिया हैंडल पर देखा जा सकता है। दर्शक दूरदर्शन पर भी सीधा प्रसारण देख सकते हैं।

**महिला पहलवानों का यौन शोषण केस**

## दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 16 सितंबर तक सुनवाई स्थगित की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर 6 बालिग पहलवानों के यौन शोषण केस की सुनवाई दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में 16 सितंबर तक स्थगित कर दी है। पिछली तारीख पर कोर्ट ने क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार पर दलीलें सुनने के लिए सुनवाई को 1 सितंबर तक के लिए स्थगित किया था।

इससे पहले मामले में 20 जुलाई को बृजभूषण शरण सिंह और WFI के सस्पेंड सहायक सचिव विनोद तोमर को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने जमानत दे दी थी।

#### बालिग पहलवानों के केस में इन धाराओं में चार्जशीट

दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने बताया कि 6 बालिग पहलवानों के केस में हमने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धारा 354, 354-ए और डी के तहत चार्जशीट दाखिल की है। विनोद तोमर के खिलाफ धारा 109, 354, 354 (ए), 506 के तहत चार्जशीट दायर की गई है। इस केस की अगली सुनवाई 22 जून को होगी।

पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित अन्य नामी पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए इसी साल जनवरी में धरना-प्रदर्शन की शुरुआत की थी।

कई दिनों तक दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया था। इस बीच बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। इसके बाद 15 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट में मामले में चार्जशीट पेश की। आरोपियों में बृजभूषण के अलावा WFI के असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर का नाम भी है। चार्जशीट में पहलवानों ने मजिस्ट्रेट के सामने जो बयान दिए हैं, उन्हें अहम आधार माना गया।


## दो मतदाताओं की हत्या मामले में राजद सांसद प्रभु नाथ सिंह को उम्रकैद

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को 1995 में उनके खिलाफ बिहार के छपरा में मतदान करने के कारण एक मतदान केंद्र के पास दो लोगों की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। पीठ ने सजा सुनाने के बाद कहा, हमने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। पीठ ने दोषी पूर्व सांसद सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी और आर बसंत की दलीलें सुनने के बाद कहा, एकमात्र विकल्प आजीवन कारावास या मौत की सजा है।

## एक देश एक चुनाव को लेकर केंद्र ने कमेटी बनाई

### रामनाथ कोविंद अध्यक्ष होंगे; कांग्रेस का सवाल- सरकार को अचानक इसकी जरूरत क्यों पड़ी

नई दिल्ली। एक देश-एक चुनाव के प्रपोजल पर कानूनी पहलुओं की जांच के लिए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक कमेटी बना दी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया है।



इसका नोटिफिकेशन जल्द जारी हो सकता है। केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार इस सेशन के दौरान एक देश एक चुनाव पर बिल ला सकती है। केंद्र की बनाई कमेटी एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव से जुड़े कानूनी पहलुओं पर गौर करने के साथ ही आम लोगों की राय भी लेगी। इस बीच, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को कोविंद से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। हालांकि, इस मुलाकात के बारे में दोनों की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

#### आजादी के बाद लागू थी वन नेशन-वन इलेक्शन

वन नेशन-वन इलेक्शन या एक देश-एक चुनाव का मतलब हुआ कि पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हों। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

## इंडिया गठबंधन ने बनाई 14 सदस्यों की समन्वय समिति

### नहीं होगा कोई संयोजक; नारा हुआ तैयार - जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया

विपक्षी महागठबंधन इंडिया की मीटिंग में 14 सदस्यों की समन्वय समिति के गठन का फैसला लिया गया है। इस समिति में टीएमसी के अभिषेक बनर्जी, शिवसेना के संजय राउत, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, एनसीपी के शरद पवार, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल शामिल होंगे। इसके अलावा उमर अब्दुल्ला, हेमंत सोरेन, डीएमके के टीआर बालू और तेजस्वी यादव भी इसका हिस्सा होंगे। इसके अलावा गठबंधन ने अपना नारा भी फाइनल कर लिया है। इस स्लोगन में भारत और इंडिया दोनों को शामिल किया गया है। यह स्लोगन है- जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया। समाजवादी पार्टी के नेता जावेद खान, जेडीयू के अध्यक्ष ललन सिंह, सीपीआई के नेता डी. राजा और पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती को भी समिति में जगह दी है।

इंडिया गठबंधन के लिए किसी एक वरिष्ठ नेता को संयोजक बनाए जाने की भी चर्चा थी, लेकिन अब तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। नीतीश कुमार और मल्लिकार्जुन खरगे का नाम संयोजक के तौर पर चल रहा था। फिलहाल गठबंधन अपना लोगो भी फाइनल नहीं कर सका है। गठबंधन के सूत्रों का कहना है कि कुछ और सुझाव मांगे गए हैं, जिनके आने पर ही लोगो पर फैसला लिया जाएगा। इसके अलावा सीट शेयरिंग को लेकर भी जल्द फैसला हो सकता है। हालांकि कहा जा रहा है कि कांग्रेस सीट शेयरिंग को लेकर जल्दबाजी में फैसला लेने से बचना चाहती है।




## भारत को बेचने की चल रही है सांठगांठ

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार देश को तबाह करने में लगी है और उसकी भारत को बेचने की सांठगांठ चल रही है। गांधी ने ट्वीट किया भारत को बेचने की साठगांठ चल रही है। सेबी को अडानी समूह पर लगे आरोपों की जानकारी 2014 से ही है, उसके पत्र से यह बात साफ होती है। उस समय के सेबी के अध्यक्ष को अब अडानी समूह के स्वामित्व वाले एनडीटीवी का स्वतंत्र निदेशक बनाया गया है।

## मणिपुर में बीते 3 दिन में 8 और मौतें

### सरकारें प्रभावितों तक खाना-दवाएं पहुंचाएं; जरूरत पड़े तो राशन की एयर ड्रॉपिंग कराएं : सुप्रीम कोर्ट

इंफाल। मणिपुर एक बार फिर सुलग उठा है। चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के बॉर्डर पर बफर जोन में 29 अगस्त से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। पिछले तीन दिन में 8 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा में 18 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आदिवासी संगठन ITLF ने चुराचांदपुर में बंद का ऐलान किया है। आर्मी का कहना है कि महिला संगठन उन्हें हिंसाग्रस्त इलाकों में आगे जाने नहीं दे रहे हैं।

उधर, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार यानी 1 सितंबर को केंद्र और मणिपुर सरकार को हिंसा प्रभावितों तक भोजन, दवाएं और बुनियादी सामान पहुंचाने का निर्देश दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने सरकार से अलग-अलग संगठनों की नाकेबंदी से खुद निपटने को कहा। साथ ही ऑप्शन के तौर पर प्रभावित इलाकों में राशन की एयर ड्रॉपिंग की



सलाह दी। मामले की अगली सुनवाई 6 सितंबर को होगी।

खोइरनटक, चिंगपेई, खोशुबंग और नारायनसेना में मैतेई और कुकी हमलावरों के बीच गुरुवार को हिंसक झड़प हुई। इस दौरान मोर्टार हमलों और फायरिंग में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मणिपुर के चर्चित कुकी गायक मंगबोई लुंगडिम भी हैं, जिन्होंने मई में हिंसा भड़कने के बाद 'आई गम हिलौ हैम' (क्या यह हमारी भूमि नहीं) गीत लिखा और गाया था। हिंसाग्रस्त चुराचांदपुर और बिष्णुपुर में आर्मी को तैनात किया गया है।

#### अगस्त में 122 वर्षो में सबसे कम हुई बारिश

नयी दिल्ली। इस वर्ष अगस्त महीने में पिछले 122 साल में सबसे कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग की आज यहां जारी रिपोर्ट के अनुसार 122 साल पहले 1901 में पहली बार सबसे कम 161.7 मिमी दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में 191.2, 1965 में 192.3, 1920 192.7, 2009 में 193.5, 1913 में 193.7, 2021 में 194.3 दर्ज की गयी थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि आंध्रप्रदेश में एक से 31 अगस्त तक सामान्य 144.3 मिमी की तुलना में राज्य भर में औसतन केवल 67 मिमी वर्षा दर्ज की गई। हैदराबाद में एक से 28 अगस्त तक 22.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भारत में धान, उडद, तुअर जैसी खरीफ की प्रमुख फसलें दक्षिण पश्चिम मानसून की वर्षा पर निर्भर करती है लेकिन इस बार देश के विभिन्न हिस्सों में जुलाई में वर्षा अच्छी रही लेकिन अगस्त में बहुत से अंचलों में वर्षा काम हुयी।

## मनाली में गैस सिलिंडर फटने से भीषण अग्निकांड

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले पर्यटन नगरी मनाली के रांगड़ी में कूड़ा संयंत्र के सामने नेपाल मूल के लोगों के आशियानों में शुक्रवार दोपहर आग लग गई।

अग्निकांड में लकड़ी से निर्मित नौ खोखे घरेलू सामान समेत जलकर राख हो गए हैं। सेब के फलदार पेड़ों को भी नुकसान हुआ है। अग्निकांड में 28 लाख से अधिक के नुकसान का प्रारंभिक आकलन किया गया है। राजस्व विभाग की टीम नुकसान का आकलन करने में जुट गई है।

प्रशासन ने पीड़ितों को 10-10 हजार रुपये की फौरी राहत प्रदान कर दी है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। रांगड़ी में ठाकुर दास निवासी छियाल के सेब के बगीचे में नेपाल मूल के करीब 45 लोग रह रहे हैं। लकड़ी के खोखे बनाकर यहां पर आठ परिवार और 12 अन्य मजदूर भी रहते थे। शुक्रवार दोपहर को अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख अफरातफरी मच गई।

खोखों में रखे गैस सिलिंडर फट गए। जोरदार धमाके के साथ सिलिंडर फटने से आग और फैल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन केंद्र मनाली से तीन दमकल वाहन तुरंत मौके पर भेजे गए। विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक सभी खोखे जलकर राख हो गए थे।




अग्निशमन केंद्र के प्रभारी प्रेम भारद्वाज ने बताया कि आग पर काबू पा लिया है। आग से लगभग 28 लाख का नुकसान हुआ है।

## 'मेरी माटी मेरा देश' देश को महाने बनाने की प्रक्रिया से जुड़ने का अवसर : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि 'मेरी माटी- मेरा देश' मात्र एक कार्यक्रम नहीं बल्कि ये नागरिकों के लिए अपने आपको देश के भविष्य के साथ जोड़ने तथा देश को महान बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनने का माध्यम है।

शाह ने आज यहां 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी और संस्कृति मंत्रालय के सचिव सहित



अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा , ये कार्यक्रम अपने आप को देश को महान बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनाने का एक माध्यम बन सकता है और 25 सालों बाद जब यहां उपस्थित बच्चे महान भारत का नेतृत्व करेंगे, तब उनके मन में ये संतोष होगा कि हमारी पिछली पीढ़ी ने हमें एक बहुत मजबूत भारत बनाकर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एक प्रकार से संध्या की भांति है क्योंकि ये उस वक्त हो रहा है जब आज़ादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आने वाला अमृतकाल और संकल्प की सिद्धि का कालखंड 15 अगस्त, 2047 को भारत को विश्व में हर क्षेत्र में प्रथम स्थान पर पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह स्वतंत्रतासेनानियों की कल्पना के भारत की रचना के 25 वर्ष हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में देश ने बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन ये काफी नहीं हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अपने नाम से ही बहुत कुछ व्यक्त कर देता है।

**जी-20**

### दिल्ली में रहेगी नो एंट्री; पुलिस ने बनाया रूट डायवर्जन प्लान

## जी-20 बैठक : गुरुग्राम में 3 दिन प्रभावित रहेगा ट्रैफिक

गुरुग्राम। दिल्ली में होने वाली जी20 बैठक को लेकर गुरुग्राम में भी तैयारी शुरू कर दी गई है। 7 सितंबर की रात 12 बजे से 10 सितंबर की रात 12 बजे तक दिल्ली में भारी वाहनों की नो एंट्री रहेगी। यह पाबंदी धौला कुआं रूट पर होगी। इस रूट पर न केवल भारी वाहन बल्कि बसों को भी दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

वाहनों के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है। इसके अलावा इस रूट पर निजी वाहनों से जाने वाले वाहनों को भी उस वक्त रोका जाएगा जब विदेशी मेहमानों की मूवमेंट होगी। गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने इसके लिए रूप रेखा तैयार कर ली है। डीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र विज की ने बताया कि दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम 9 सितंबर का है। 8 सितंबर से विदेशी मेहमानों का दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचना शुरू हो जाएगा। कुछ गुरुग्राम के होटल लीला व ट्राइडेंट सहित अन्य में ठहरेंगे। ऐसे में यहां भी वाहनों की मूवमेंट रोकी जाएगी। ऐसे में वाहन ड्राइवरों को परेशान होना पड़ सकता है। इसे देखते हुए वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है।

#### वर्क फॉम होम की अपील

भारी वाहनों को पचगांव से केएमपी के रास्ते आगे भेजा जाएगा। पब्लिक



ट्रांसपोर्ट यानी बस को इफको चौक से डायवर्ट करते हुए एमजी रोड आया नगर के रास्ते दिल्ली भेजा जाएगा। वहीं, गुरुग्राम की मल्टी नेशनल कंपनी और अन्य कंपनियों को कहा गया है कि शनिवार व रविवार को उनकी कंपनी में छुट्टी होती है। ऐसे में वह शुक्रवार यानी 8 सितंबर को भी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम दे दें ताकि वाहनों की मूवमेंट कम हो जाए और विदेशी मेहमानों के आवागमन को सुगम बनाया जा सके।

#### तावडू रुकेंगे मेहमान

डीसीपी ट्रैफिक की मानें तो कल से ही विदेशी मेहमानों की गुरुग्राम में हलचल शुरू हो जाएगी। तावडू स्थित आईटीसी ग्रांड होटल में यह विदेशी रुकेंगे। ऐसे में दिल्ली से गुरुग्राम के रास्ते तावडू तक उनकी मूवमेंट रहेगी। इस दौरान किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। जल्द ही त्र20 की तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल भी की जाएगी और वाहनों का रूट भी डायवर्ट किया जाएगा।

#### क्रेन का भी किया इंतजाम

वहीं, हाइवे पर वाहनों के ब्रेकडाउन होने की स्थिति में इन्हें तुरंत हटाने के लिए क्रेनों का भी इंतजाम किया जाएगा।

रूट डायवर्जन और दिल्ली में नो एंट्री के मद्देनजर शहर की अंदरुनी सड़कों पर भी वाहनों का दबाव बढ़ने की संभावना है इसे देखते हुए 100 अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

## वर्ष 2035 तक रेल से ज्यादा यात्री विमानों से करेंगे सफर : सिंधिया



नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि जिस वार्षिक वृद्धि दर से भारत में नागर विमानन क्षेत्र बढ़ रहा है, कुछ सालों में भारतीय रेलवे के फर्स्ट और सेकंड एसी की तुलना में विमानों से ज़्यादा यात्री सफर करेंगे। सिंधिया यहां बी 20 इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन ऐयरोस्पेस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सिंधिया ने कहा कि आज जिस वार्षिक वृद्धि दर से भारत में नागर विमानन क्षेत्र बढ़ रहा है।

# शार्ट न्यूज

## एक देश-एक चुनाव आज समय की जरूरत

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि 'एक देश-एक चुनाव' आज वक्त की जरूरत है और सभी राजनीतिक दलों को इस दिशा में 'राजनीतिक पूर्वाग्रह' को छोड़कर चुनाव सुधार पर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। नकवी से शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा कि लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने से न केवल बेतहाशा धन की बर्बादी रुकेगी, वहीं बार-बार चुनावी प्रक्रिया और बंदिशों से विभिन्न विकास कार्यों में जो बाधा होती है , वह भी खत्म हो सकेगी। एक देश एक चुनाव की व्यवस्था से भारतीय लोकतंत्र के उत्सव चुनाव के प्रति लोगों में उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने मुंबई में विपक्षी गठबंधन की बैठक पर पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, 'फील्ड के फिसड्डी', 'फिक्सिंग की कबड्डी' में लगे हुए हैं। जब फील्ड स्लिपरी हो तो फिक्सिंग भी फेल हो जाती है। उन्होंने कहा कि जब भी देश के विकास और गौरव में उछाल आता है, तो 'डिफाल्टर डायनेस्टी' में भूचाल आ जाता है और ये लोग देश की धाक-धमक को धूमिल करने की धूर्ततापूर्ण धुन में लग जाते हैं। मोदी के 'काम की गिनती' ने 'कुनबे का गणित' बिगाड़ दिया है ।

## 'फर्जी विवाह' रैकेट : चार लोग गिरफ्तार

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को बारामूला जिले में फर्जी विवाह रैकेट चलाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आज यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुन्जर क्षेत्र के पीड़ितों ने शिकायत की ।आरोपी, व्यक्ति विवाह समारोहों के दौरान बिचौलिए के रूप में काम कर रहे थे। उन्होंने कथित तौर पर विभिन्न युवतियों की तस्वीरें भेजने के लिए व्हाट्सएप का इस्तेमाल किया और उन्होंने दावा किया कि वे शादी के लिए तैयार हैं। इन व्यक्तियों ने दूसरे पक्ष के पीड़ितों को शादी के प्रस्तावों पर सहमत होने, मेहर राशि तय करने और भुगतान करने के लिए राजी किया। वित्तीय लेनदेन के बावजूद, कोई विवाह नहीं हुआ और पैसे वापस नहीं किए गए। बाद में पता चला कि धोखेबाजों के इस समूह ने युवा महिलाओं की सावधानीपूर्वक चुनी गई तस्वीरों के माध्यम से लक्ष्य चुनकर, पीड़ितों को निशाना बनाया। वे मेहर भुगतान और कमीशन के बहाने बेखबर पीड़ितों से 7.38 लाख रुपये की महत्वपूर्ण राशि जमा करवाने में कामयाब रहे। गिरफ्तार किए गए आरोपी राजौरी के वार्ड नंबर 06, जरनवाला गली निवासी लाल हुसैन, राजौरी के मोरी कालाकोट निवासी इरशादा बेगम, बड़गाम के द्रंग के डार मोहल्ला के अब्दुल रहमान राथर और खग बडगाम के पति पोशकर में गुलाब बाग के अब्दुल खालिक डार हैं।

## बारामूला पुलिस ने 343 ड्रग तस्करों को किया गिरफ्तार, करोड़ों की संपत्ति कुर्क की

श्रीनगर। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में इस साल अभी तक पुलिस ने 80 वांछित सहित 343 मादक पदार्थों की तस्करी (ड्रग तस्करों) करने वालों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि 343 ड्रग तस्करों में से 213 पर स्वापक औषधि और मनोवैज्ञानिक पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है, जबकि 54 आदतन नशीले पदार्थों के तस्करों पर पीआईटी- एनडीपीएस/पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है, इसके अलावा करोड़ों रुपये का मादक पदार्थ भी बरामद किया गया है। बारामूला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और जिले में तस्करों द्वारा अवैध तस्करी के लिए जुटाई/इस्तेमाल की गई चल-अचल संपत्ति की कुर्की के संबंध में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पुलिस ने जिले के आम लोगों से भी अनुरोध किया है कि वे समाज से मादक पदार्थों के खतरे को खत्म करने में पुलिस की मदद करने में आगे आएं तथा अपने क्षेत्रों में नशीली पदार्थों के तस्करों की जानकारी दे। पुलिस ने कहा उनकी मदद करने वालों की पहचान को गुप्त रखी जाएगी।

## त्रिपुरा में मध्यप्रदेश के दो तस्करों को 15 वर्ष की सजा

**अगरतला।** त्रिपुरा में खोवाई की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के दो गांजा तस्करों को दोषी करार देते हुए 15 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। पुलिस ने कहा कि फिरोज खान और मजार खान को मई, 2022 में तेलियामुरा में गिरफ्तार किया गया था, जब वे अगरतला से एक लॉरी में 87 किलोग्राम गांजा ले जा रहे थे। गांजे की खेप को तेल की टंकी और स्पेयर व्हील में छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 20 (बी) (2) (सी) और स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत मामला दर्ज किया और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद जांच शुरू की। दो महीने के अंदर, पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया और उनपर मुकदमा शुरू हुआ। अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाहों ने गवाही दी और एक वर्ष तक सुनवाई होने के बाद, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजीव भट्टाचार्यजी ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया और उन्हें 15 वर्ष की सजा सुनाई साथ ही लॉरी और गांजा को जब्त करने का आदेश दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत नौ सितंबर को सिरसा में

सिरसा। हरियाणा के सिरसा जिला न्यायालय परिसर में आगामी नौ सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम में केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुराधा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नौ सितंबर को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन किंगरा, प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट सुमित गर्ग, सिविल जज (जूनियर डिविजन) कम ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रथम सलोनी गुप्ता, सिविल जज (जूनियर डिविजन) कम ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रथम विशाल, अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिविजन) कम सब डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मनीष कुमार द्वारा मामलों की सुनवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों के निपटारे के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए लोक अदालतों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है।

## बड़ी तादाद में सचिवालय पहुंचे कोविड वॉरियर्स

शिमला। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को सैंकड़ों की तादाद में कोविड काल में सेवा देने वाले कोविड वॉरियर्स प्रदेश सचिवालय के बाहर पहुंचे और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से सेवा विस्तार की गारंटी मांगी। इस दौरान भारी तादाद में कोविड वॉरियर्स ने अपनी मांगों को लेकर टॉललैंड से सचिवालय तक यात्रा निकाली। गत दिनों सुक्खू सरकार ने कोविड वॉरियर्स को 30 सितंबर तक सेवा विस्तार देते हुए सेवा समाप्त करने के निर्देश भी जारी कर दिए थे। जिसके बाद कोविड वॉरियर्स शुक्रवार को सचिवालय पहुंचे। पूर्व सरकार ने कोरोना काल के दौरान आउटसोर्स के जरिए इन कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग के आधीन भर्ती किया था। पूरे प्रदेश में 40 हजार कर्मचारी आउटसोर्स पर काम कर रहे हैं जिसमें से 1800 के करीब स्वास्थ्य विभाग में कोविड वॉरियर के तौर पर काम कर रहे हैं। कोविड वॉरियर ने कांग्रेस सरकार की 10 गारंटियों को याद करते हुए कहा कि उन्हें भी सेवा विस्तार की गारंटी दी जाए। उन्होंने सुक्खू सरकार से उम्मीद जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उन्हें सेवा विस्तार दे और कोविड वॉरियर्स के लिए एक पॉलिसी भी बनाए। उन्होंने कहा कि कोरोना के मुश्किल समय में उन्होंने सेवाएं दी है। जब ज्यादातर लोगों में डर का माहौल था। कोविड वारियर अभी भी वह स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न स्तरों पर काम कर रहे हैं लेकिन पिछले करीब तीन महीने से उन्हें वेतन भी नहीं मिला है और आगे भी नौकरी रहने की कोई उम्मीद नहीं है।




# जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की लोकसभा सदस्यता रद्द

### 2019 चुनाव में इलेक्शन कमीशन को झूठा हलफनामा दिया था, सदन में पार्टी के एकमात्र सदस्य थे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी है। कोर्ट ने कहा कि उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में इलेक्शन कमीशन को हलफनामे में गलत जानकारी दी थी। उन्होंने अपनी 24 करोड़ से अधिक की इनकम छिपाई थी।

प्रज्वल जेडीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते हैं। प्रज्वल साल 2019 के लोकसभा चुनाव में जीतने वाले पार्टी के एकमात्र सांसद थे। उनकी सांसदी रद्द होने के बाद अब लोकसभा में पार्टी के पास कोई सदस्य नहीं है।



### बीजेपी नेता ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी

लोकसभा चुनाव में प्रज्वल ने बीजेपी उम्मीदवार अरकलागुडु मंजू को हासन सीट से हराकर जीत हासिल की थी। नतीजे आने के बाद मंजू ने 26 जून 2019 को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रज्वल ने चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करते वक्त दिए हलफनामे में अपनी इनकम की गलत जानकारी दी थी। उन्होंने संसदीय क्षेत्र की जनता को गुमराह कर चुनाव जीता है। ऐसे में उनकी सांसदी रद्द कर दी जाए।

### हलफनामे में 24 करोड़ से अधिक इनकम छिपाई थी

कोर्ट में एडवोकेट शिवानंद ने याचिकाकर्ता अरकलागुडु मंजू का पक्ष रखा। मामले में फैसला आने के बाद शिवानंद ने कहा कि प्रज्वल को भ्रष्ट आचरण के आधार पर अयोग्य ठहराया गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान हलफनामा दाखिल करते समय प्रज्वल ने अपनी 24 करोड़ से अधिक की इनकम छिपाई थी।

कोर्ट ने प्रज्वल को अगले छह साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। हालांकि, प्रज्वल रेवन्ना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते हैं।

## अगस्त महीने में 122 वर्षों में सबसे कम हुई बारिश : मौसम विभाग

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष अगस्त महीने में पिछले 122 साल में सबसे कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग की आज यहां जारी रिपोर्ट के अनुसार 122 साल पहले 1901 में पहली बार सबसे कम 161.7 मिमी दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में 191.2, 1965 में 192.3, 1920 192.7, 2009 में 193.5, 1913 में 193.7, 2021 में 194.3 दर्ज की गयी थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि आंध्रप्रदेश में एक से 31 अगस्त तक सामान्य 144.3 मिमी की तुलना में राज्य भर में औसतन केवल 67 मिमी वर्षा दर्ज की गई। हैदराबाद में एक से 28 अगस्त तक 22.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भारत में धान, उडद, तुअर जैसी खरीफ की प्रमुख फसलें दक्षिण पश्चिम मानसून की वर्षा पर निर्भर करती है लेकिन इस बार देश के विभिन्न हिस्सों में जुलाई में वर्षा अच्छी रही लेकिन अगस्त में बहुत से अंचलों में वर्षा काम हुयी।

## उत्तराखंड में उच्च शिक्षा के अवस्थापन विकास हेतु 159 करोड़ स्वीकृत

**देहरादून।** उत्तराखंड में उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत 20 राजकीय महाविद्यालयों का कायाकल्प कर उन्हें शोध आधारित मॉडल कॉलेज के रूप में विकसित किया जायेगा। इसी प्रकार छह राजकीय महाविद्यालयों में कला व विज्ञान संकाय के लिये नये पीजी ब्लॉक बनाये जायेंगे। इसके लिये राज्य सरकार ने 159 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत कर दी है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत, शोध आधारित मॉडल कॉलेज विकसित करने में जुटी है। इसके लिये प्रदेश के 20 राजकीय महाविद्यालयों का चयन कर उनमें आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिये रूपये 129 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर दी है। इसी तरह राज्य के छह राजकीय महाविद्यालयों में कला एवं विज्ञान संकाय के पृथक पीजी ब्लॉकों के निर्माण के लिये 30 करोड़



रुपये मंजूर कर कुल 159 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत कर दी है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत धनराशि से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रूद्रपुर, काशीपुर, चम्पावत, बागेश्वर, पिथौरागढ़, हल्द्वानी, रानीखेत, कोटद्वार, नरेन्द्रनगर, नई टिहरी, उत्तरकाशी, थलीसैंण, गैरसैंण, लक्सर, गोपेश्वर, डाकपत्थर, रायपुर, अगस्त्यमुनि सहित कुमाऊं विश्वविद्यालय का डीबीएस परिसर तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के अल्मोड़ा परिसर में जरूरी संसाधन जुटाकर मॉडल कॉलेज बनाये जायेंगे। इन महाविद्यालयों में महिला एवं पुरूष छात्रावास सहित अति आधुनिक आई.टी. लैब तथा ई-लर्निंग कक्षों का निर्माण किया जायेगा।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में रामनगर आज रहेगा बंद

**नैनीताल।** उत्तराखंड में उच्च न्यायालय के निर्देश पर पूरे प्रदेश में जिला प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि से हटाये जा रहे अतिक्रमण के विरोध में रामनगर बाजार शनिवार यानी दो सितम्बर को बंद रहेगा। आंदोलनकारियों की ओर से अतिक्रमणकारियों को मालिकाना हक देने की मांग की गयी है। बंद को रामनगर के प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल और देवभूमि व्यापार मंडल की ओर से समर्थन देने का दावा किया गया है। लखनपुर चौक में हुई विभिन्न संगठनों की बैठक में कल पूर्ण बंदी का निर्णय लिया गया। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव प्रभात ध्यानी ने कहा कि बंद को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिनेश चंद्र और देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष मंनिदर सिंह सेठी की ओर से पूर्ण समर्थन दिया गया है। ध्यानी के अनुसार अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ मंगलवार को शहर में विभिन्न संगठनों की ओर से जुलूस निकाला जायेगा।

## आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने के लिए एक पूर्ण मिशन नहीं

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि अंतरिक्ष में वैज्ञानिक पेलोड ले जाने वाले अंतरिक्ष यान के सीमित द्रव्यमान, शक्ति और मात्रा के कारण सूर्य का अध्ययन करने के लिए उसका पहला सौर खोज मिशन आदित्य-एल1 पूर्ण मिशन नहीं है।

इसरो ने कहा, क्या आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने के लिए एक पूर्ण मिशन है। स्पष्ट उत्तर 'नहीं' है जो न केवल आदित्य-एल1 के लिए बल्कि सामान्य तौर पर किसी भी अंतरिक्ष मिशन के लिए सच है।

इसरो ISRO


अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, इसका कारण यह है कि अंतरिक्ष में वैज्ञानिक पेलोड ले जाने वाले अंतरिक्ष यान के सीमित द्रव्यमान, शक्ति और मात्रा के कारण, सीमित क्षमता वाले उपकरणों का केवल एक सीमित सेट ही अंतरिक्ष यान पर भेजा जा सकता है। आदित्य-एल1 के मामले में सभी माप लैग्रेंज बिंदु एल1 से किए जाएंगे। उदाहरण के तौर पर, सूर्य की विभिन्न घटनाएं बहु-दिशात्मक हैं और इसलिए विस्फोटक या विस्फोट घटनाओं की ऊर्जा के दिशात्मक वितरण का अकेले आदित्य-एल1 के साथ अध्ययन करना संभव नहीं होगा।

एल5 के रूप में जाना जाने वाला एक अन्य लैग्रेंज बिंदु पृथ्वी निर्देशित सीएमई घटनाओं का अध्ययन करने और अंतरिक्ष मौसम का आकलन करने के लिए एक अच्छा सुविधाजनक बिंदु है। इसके अलावा ऐसे अध्ययनों के लिए अंतरिक्ष यान की कक्षाओं को प्राप्त करने की तकनीकी चुनौतियों के कारण सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों का अच्छी तरह से अध्ययन नहीं किया जा सकता है। इसरो ने कहा, माना जाता है कि सूर्य की ध्रुवीय गतिशीलता और चुंबकीय क्षेत्र सौर चक्र प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा सूर्य के अंदर और उसके आसपास होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं को समझने के लिए विभिन्न तरंग दैर्ध्य पर सौर विकिरण के ध्रुवीकरण माप की आवश्यकता होती है।

## शेट्टार ने बीएल संतोष का मजाक उड़ाया, कहा कर्नाटक में भाजपा डूबता जहाज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के महासचिव बीएल संतोष का मजाक उड़ाया और उन्हें अपने विधायकों को एकजुट रखने की सलाह देते हुए कहा कि भाजपा राज्य में एक डूबता हुआ जहाज है।

शेट्टार की यह चेतावनी भाजपा प्रवक्ता एमजी महेश के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें संतोष ने दावा किया था कि कांग्रेस के लगभग 45 नेता उनके संपर्क में हैं और भाजपा का कोई भी विधायक पार्टी छोड़कर नहीं जा रहा है। इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के विधान पार्षद एमएलसी शेट्टार ने कहा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि कांग्रेस विधायक पार्टी छोड़ेंगे



क्योंकि राज्य में कांग्रेस की बहुत मजबूत और स्थिर सरकार है। शेट्टार ने कहा, मैं उन्हें सलाह दूंगा कि पहले वे अपने पूर्व विधायकों सहित भाजपा विधायकों को एकजुट रखें क्योंकि भाजपा राज्य में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। जब सरकार को ठोस बहुमत प्राप्त है तो कांग्रेस कौन छोड़ेगा? उन्हें कुछ ऑपरेशन करने दीजिए, उन्हें कल ही विधायकों को अपने साथ ले जाने दीजिए, देखते हैं।

एक सवाल के जवाब में श्री शेट्टार ने कहा कि विधानसभा में विपक्ष के नेता और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष की अनुपस्थिति में संतोष द्वारा बैठक की अध्यक्षता शुरू करने के बाद भाजपा अपनी जमीन खो चुकी है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक भाजपा कुछ नेताओं के हाथों में खेल रही है और जब तक भाजपा उनसे छुटकारा नहीं पाती, तब तक वह लगातार नीचे गिरती रहेगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा ने उनसे पार्टी में फिर से शामिल होने के लिए संपर्क किया है, श्री शेट्टार ने कहा कि न तो उनकी पूर्व पार्टी और न ही उन्होंने एक-दूसरे से संपर्क किया है।

### सितारगंज के नगर पालिका अध्यक्ष को हाईकोर्ट से राहत, गिरफ्तारी पर रोक

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने ऊधमसिंह नगर स्थित सितारगंज नगर पालिका के अध्यक्ष हरीश दुबे को राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। दुबे ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की पीठ में हुई। दायर याचिका में कहा गया कि नगर पालिका के सुपरवाइजर राजपाल द्वारा द्वेष भावना के चलते उनके खिलाफ अनुसूचित जाति- जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बतौर अध्यक्ष पूर्व में सफाई सुपरवाइजर के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जाँच के आदेश दिए थे। उसी के चलते उनके खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

## हैदराबाद से पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना के हैदराबाद में अवैध रूप से रह रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के निवासी फियाज अहमद (24) को पिछले नौ महीनों से शहर के बहादुरपुरा थाना क्षेत्र में किशनबाग में अपनी सास के घर में अवैध रूप से रहने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। उसके जाली दस्तावेजों के जरिए आधार कार्ड प्राप्त करने के प्रयास के दौरान यह मामला सामने आया।

उसी दौरान, स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचित कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गयी है। गौरतलब है कि फियाज सिलाई उद्योग में रोजगार के लिए दिसंबर 2018 में दुबई गया था, वहां पर उसकी मुलाकात किशनबाग निवासी नाहा फातिमा (29) से हुई।

जिसके बाद, उन्होंने 2019 में शादी कर ली। लगभग एक साल पहले फातिमा दुबई से हैदराबाद लौट आई और अपने माता-पिता के साथ रहने लगी, जबकि फियाज़ वापस पाकिस्तान चला गया।

फातिमा के माता-पिता फियाज के पास पाकिस्तान पहुंचे और उनसे हैदराबाद आने का आग्रह किया। उन्होंने उसे आश्वासन दिया कि वे आधार कार्ड जैसे पहचान दस्तावेज प्राप्त करने सहित आवश्यक व्यवस्था की सुविधा प्रदान करेंगे।

## हरियाणा के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा एमआरएसपीटीयू

एजेंसी

**सिरसा।** पंजाब सरकार द्वारा बठिंडा में स्थापित महाराजा रणजीत सिंह पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय हरियाणा के छात्रों को विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा, केंद्र और सभी राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तथा आकर्षक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

विश्वविद्यालय वर्तमान शैक्षणिक सत्र (2023-24) से नई शैक्षणिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), बठिंडा के सहयोग से एमबीए-अस्पताल प्रशासन और डी फार्मा, पैरा मेडिकल और वोकेशनल कोर्स शुरू किये गये हैं।

उपरोक्त जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. करणवीर सिंह ने शुक्रवार को सिरसा में प्रेस वार्ता के दौरान दी।

निदेशक जनसंपर्क हरजिंदर सिंह सिद्धू, निदेशक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट, इंजीनियर हरजोत सिंह सिद्धू और इंजीनियर सुखजिंदर सिंह सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों की एक टीम यूनिवर्सिटी में एडमिशन और काउंसलिंग शुरू करने के लिए सिरसा पहुंचे थे।

## पंचायतों को भंग करने पर केजरीवाल भगवंत मान को तुरंत बर्खास्त करें

**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल ने आज मुख्यमंत्री भगवंत मान से कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पंजाब में पंचायतों को भंग करके लोकतंत्र की हत्या के लिए भगवंत मान को तुरंत बर्खास्त करें।

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा कि मान ने लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए 13 हजार सरपंचों और 70 हजार पंचों को बर्खास्त कर दिया, जो महिलाओं, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि थे। उन्होंने कहा कि आप सरकार ने न केवल उन्हें बर्खास्त किया बल्कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च



न्यायालय में पंचायतें भंग करने के अपने फैसले का बचाव करते हुए उन्हें 'चोर' करार दिया। उन्होंने कहा कि यह देखना सबसे शर्मनाक है कि मान ने खुद ही पंचायतों को बर्खास्त करने का फैसला ले लिया और दो वरिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को फाइल पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया और बाद में मान द्वारा लिए गए फैसले के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया। उन्होंने मान से पूछा कि वह अधिकारियों को कैसे निलंबित कर सकते हैं, जबकि उन्होंने खुद आदेश जारी किया था और अधिकारियों ने दबाव में आकर फाइल पर हस्ताक्षर कर दिये, क्योंकि उन्हें धमकाया जा रहा था।

अकाली नेता ने कहा कि मंत्री भुल्लर ने खुद ही फाइल हाथ में ले ली, क्योंकि डायरेक्टर ने तीन अगस्त को और वित्तायुक्त ने चार अगस्त को फाइल पर हस्ताक्षर किए थे, जबकि मंत्री और सीएम ने खुद एक ही दिन सात अगस्त, 2023 को फाइल पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे पता चलता है कि फाइल कितनी तेजी से आगे बढ़ी है और मुख्यमंत्री की मंशा क्या थी। उन्होंने कहा कि यदि केजरीवाल देश में लोकतंत्र के समर्थक हैं तो उन्हें श्री भगवंत मान और लालजीत भुल्लर को तुरंत उनके पदों से बर्खास्त कर देना चाहिए।

मजीठिया ने कहा कि राज्य के इतिहास में कभी भी लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्थाओं को भंग करने का ऐसा निर्णय नहीं लिया गया था। उन्होंने कहा कि पंचायतें बुनियादी स्तर की लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं जो अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से गांवों के समग्र विकास में योगदान देती हैं और उन्हें बर्खास्त करना पाप के समान है।

## नवाचारों से राजस्थान बन रहा मॉडल स्टेट : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि हमारे फैसलों की पूरे देश में चर्चा हो रही है और नवाचारों से राजस्थान मॉडल स्टेट बन रहा है।

गहलोत शुक्रवार को नवसृजित जिले दूदू के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेल के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के शुभारम्भ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के ये फैसले देश के दूसरे राज्यों के लिए मिसाल बन रहे हैं और देश के अनेक राज्य हमारी योजनाओं का अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवाचारों से राजस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी सहित सभी क्षेत्रों में आगे



बढ़ रहा है। प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने भी हाल में राज्य की तीन योजनाओं का उल्लेख किया है। राज्य सरकार अब मिशन-2030 को साकार करने के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार करवा रही है, जिसमें उन्नत और खुशहाल राजस्थान के लिए हर व्यक्ति अपने सुझाव दे सकता है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने ओलम्पिक खेलों के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया। गहलोत ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना की स्टॉल का अवलोकन कर योजना के लाभार्थियों से बात की एवं उन्हें मोबाइल फोन वितरित किए। लाभार्थियों ने योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेल सुविधाओं के विस्तार एवं खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों के आयोजन से राज्य में खेलों के प्रति माहौल बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में खेलों एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले किए गये हैं। खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नौकरियां देने के साथ ही उन्हें सरकारी नौकरी में आरक्षण दिया गया है। राज्य में खिलाड़ियों की पेंशन राशि में बढ़ोतरी की गई है। वहीं, ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को अब तीन करोड़, दो करोड़ एवं एक करोड़ रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में दी जा रही है।

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार अपनी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को राहत दे रही है। राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जहां महज 500 रुपये में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## अनावृष्टि से सूखे के हालात, किसान आंदोलन की राह पर

**कोटा।** राजस्थान के कोटा संभाग में अच्छे मानसून की भविष्यवाणी के बाद मानसून की अच्छी शुरुआत से इस साल खरीफ के मौसम में अच्छी फसलों की उम्मीद जागी थी लेकिन पहले संभाग के कई इलाकों में अतिवृष्टि और अब लगभग पूरे संभाग में अनावृष्टि के हालातों ने किसानों की उम्मीदों को फसलों की तरह ही मुर्झा दिया है। संभाग के चारों जिलों कोटा, बारां, बूंदी एवं झालावाड़ के ज्यादातर क्षेत्रों में पिछले करीब एक माह से बरसात का दौर लगभग थम जाने के कारण अधिकांश स्थानों पर खरीफ की फसलें सोयाबीन, मक्का, धान, उड़द आदि को बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। गैर नहरी सिंचित क्षेत्र में जिन किसानों के पास ट्यूबवेल जैसे अपने निजी जल स्त्रोत हैं, यह तो कुछ हद तक अपनी अपनी फसलों के लिए पानी का प्रबंध कर पा रहे हैं, लेकिन बारानी जमीन के किसानों के लिए हालात अत्यंत विकट है। वैसे भी भूमिगत जल स्तर के काफी गहरे चले जाने के कारण जिन स्थानों पर ट्यूबवेल है, वहां भी पूरी क्षमता और आवश्यकता के अनुरूप किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं।

# श्रीराम भारतीय कला केंद्र तें प्रस्तुत किया जाएगा 'कृष्णा' का 47वां संस्करण

## 1 सितंबर से 4 सितंबर, 2023 तक प्रतिदिन शाम 6.30 बजे कमानी ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में

नई दिल्ली। श्रीराम भारतीय कला केंद्र पद्मश्री शोभा दीपक सिंह (निदेशक और उपाध्यक्ष, श्रीराम भारतीय कला केंद्र) के मार्गदर्शन में अपने नृत्य नाटक – कृष्णा के 47वे संस्करण का मंचन करने वाला है। यह शो 1 से 4 सितंबर, 2023 तक कमानी ऑडिटोरियम, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में प्रतिदिन शाम 6.30 बजे और रविवार, 3 सितंबर, 2023 को दोपहर 3 बजे एक अतिरिक्त मैटिनी शो के साथ प्रदर्शित होने वाला है।





ढाई घंटे तक चलने वाला यह कार्यक्रम विभिन्न कलाकारों द्वारा प्रस्तुत एक आकर्षक नृत्य नाटिका के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा, जो तीन हजार साल पहले अवतरित श्रीकृष्ण की कथा को जीवंत कर देगा। चाहे वह उनके मनमोहक बचपन के आनंदमय वर्ष हों या युवा वयस्क होने के दौरान उनके द्वारा की गई लीलाओं का वर्णन, प्रकृति के साथ उनका प्रेम और हर चीज के लिए उनकी करुणा या अंततः सबका आराध्य बन जाना7 ये सब देख कर दर्शक श्रीकृष्ण की आभा और व्यक्तित्व में खो जायेंगे।

इन सभी वर्षों में, श्रीराम भारतीय कला केंद्र ने ऐसे प्रदर्शनों का मंचन करके अपनी अलग पहचान बनाई है जो भारत के इतिहास के लिए अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण हैं। इन प्रदर्शनों का लक्ष्य हमेशा भारतीय रीति-रिवाजों और मान्यताओं को इस तरह शामिल करना रहा है जो उन्हें समकालीन संस्कृति के लिए प्रासंगिक बनाए। भारतीय पौराणिक कथाओं के अन्य अध्यायों की तरह, भगवान कृष्ण अध्याय को विभिन्न प्रकार की कहानियों, मिथकों और जादू से बुना गया है, लेकिन इसे हमेशा मुख्य रूप से व्यावहारिक और दैनिक जीवन के कई पहलुओं में ज्ञान देने वाला माना गया है। मयूरभंज छाऊ और कलारीपयट्टू जैसी पारंपरिक भारतीय नृत्य शैलियों का उपयोग करते हुए, केंद्र भगवान कृष्ण के जीवन के हर तत्व को, उनके जन्म से लेकर महाकाव्य महाभारत में उनकी भागीदारी तक चित्रित करेगा।

अनुभव को और बेहतर बनाते हुए, यथार्थवाद की एक उच्च भावना प्रदान करने के लिए एक दीवार नुमा एलईडी स्क्रीन शामिल की गई है, जो हर गुजरते साल के साथ नवाचार और रचनात्मकता की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए श्रीराम भारतीय कला केंद्र की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। दिव्य चरित्रों को जीवन में लाने और अद्वितीय अनुभवों को गढ़ने के लिए समर्पित, केंद्र गतिशील कोरियोग्राफी, अत्याधुनिक तकनीक, जटिल अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेट और भव्य पोशाक डिजाइनों का सहज मिश्रण है।

कोरियोग्राफी, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि, सेट और समग्र उत्पादन मूल्यों में अपने असाधारण योगदान के साथ, कृष्णा लगातार अपने समर्पित दर्शकों को एक नया दृष्टिकोण प्रदान करता है, उन्हें इस नृत्य नाटिका के मूल मूल्यों के प्रति सच्चा रहते हुए एक मनोरम वातावरण में समाहित करते हुए, इसकी समकालीन प्रासंगिकता को बढ़ाता है।

# 28 से 30 अक्तूबर तक होगा 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य आयोजन

**समालखा।** एक बार पुनः दृश्यमान होगी शामियानों की सुंदर नगरी, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा के विशाल मैदानों में जहां 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के रूप में दिखेगा सार्वभौमिक भाईचारे एंव विश्वबन्धुत्व का अनुपम स्वरूप।

यह आध्यात्मिक संत समागम सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में भव्यता पूर्ण आयोजित होने जा रहा है।

इस पावन संत समागम में देश, विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु एंव भक्तगण सम्मिलित होकर इस भव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त करते हुए सतगुरु के साकार दर्शन एवं पावन आशीष भी प्राप्त करेंगे।

इस वर्ष निरंकारी संत समागम का विषय है "सुकुन-अंर्तमन का" जिस पर देश, विदेशों से सम्मिलित हुए



गीतकार, वक्तागण अपने शुभ भावों को कविताओं, गीतों एवं विचारों के माध्यम से व्यक्त करेंगे और विभिन्न भाषाओं में दी गई इन प्रस्तुतियों का आनंद सभी श्रोतागण प्राप्त करेंगे।

जैसा कि विदित ही है कि निरंकारी संत समागम के पावन अवसर की प्रतीक्षा में हर श्रद्धालु भक्त की केवल यही हार्दिक इच्छा रहती है कि कब संत समागम का आयोजन हो और कब वह इस सुअवसर का साक्षी बनें। यह संत समागम निरंकारी मिशन द्वारा दिये जा रहे सत्य, प्रेम और शान्ति के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु एक ऐसा सशक्त माध्यम हैं जो आध्यात्मिक जागरूकता के माध्यम से समूचे संसार में समानता, सौहार्द्र एवं प्रेम का सुंदर स्वरूप प्रदर्शित कर रहा है। वर्तमान समय में जिसकी नितांत आवश्यकता भी है।

संत निरंकारी मिशन का पहला समागम सन् 1948 में मिशन के दूसरे गुरू शहनशाह बाबा अवतार सिंह जी के नेतृत्व में दिल्ली के पहाड़गंज में हुआ।

उसके उपरांत शहनशाह जी ने अपने प्रेम से संत समागम की श्रृंखला को गति प्रदान करी। तदोपरांत बाबा गुरबचन सिंह जी ने सहनशीलता और नम्रता जैसे दिव्य गुणों द्वारा इसका और अधिक रूप में विस्तारण किया।

## शार्ट न्यूज

### केजरीवाल सरकार के मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 75वीं ट्रेन जगन्नाथपुरी के लिए रवाना

नयी दिल्ली। केजरीवाल सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत शुक्रवार को दिल्ली से 75वीं तीर्थ यात्रा ट्रेन 780 बुजुर्गों को लेकर श्री जगन्नाथपुरी का दर्शन कराने के लिए रवाना हुईं। दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा, । दिल्लीवासी बहुत भाग्यशाली हैं, उनके बेटे अरविंद केजरीवाल ने अपने हर बुजुर्ग को तीर्थ यात्रा कराने की जिम्मेदारी ली है। दिल्ली के बुजुर्गों के लिए श्रवण कुमार की भूमिका में मुख्यमंत्री अबतक दिल्ली से 74 ट्रेनों के माध्यम से लगभग 73 हजार बुजुर्गों को तीर्थ-यात्रा पर भेजा है और उनका वादा है कि दिल्ली के हर बुजुर्ग की तीर्थ यात्रा करवाएंगे। राजस्व मंत्री ने तीर्थ-यात्रियों को उनके यात्रा के लिए मंगलकामनाएं दी और कहा, यात्रा के दौरान आप सभी अच्छे से दर्शन करें और भगवान जगन्नाथ जी से देश और दिल्ली की तरक्की की कामना जरुर करें। आतिशी ने कहा, अपनी इस योजना के तहत केजरीवाल सरकार यात्रियों को एसी ट्रेन से भेजती है, उनके लिए एसी होटल बुक करवाती है, समय से खाने-पीने और दर्शन की व्यवस्था करवाती है और एक भी मौका ऐसा नहीं आने देती जहाँ बुजुर्गों को किसी भी समस्या का सामना करना पड़े।

### अपहृत नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद

**नोएडा।** 25 अगस्त को फेज-2 थाना क्षेत्र ये गायब हुई एक नाबालिग लड़की को पुलिस ने बरामद कर लिया है। एक दिन पहले ही नाबालिग की हिजाब पहने हुए कुछ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। लोगों ने पुलिस से जल्द जल्द कार्रवाई करने के लिए ट्वीट किया था। पुलिस ने 17 पुलिस कर्मियों की तीन टीम बनाई। इसमें साइबर सेल और लोकल इंटेलिजेंस की टीम को भी शामिल किया गया। एक युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के बाद नाबालिग को बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सेंट्रल नोएडा के एसीपी राम कृष्ण तिवारी ने बताया कि 26 अगस्त को पीड़िता के परिजनों ने फेस-2 पुलिस को सूचना दी कि उनकी 15 साल की बेटी 25 अगस्त को घर से कही चली गयी है। सूचना पर थाना फेस-2 ने अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि इस मामले में फेस-2 पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, टेक्निकल साक्ष्य व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से अपहर्ता (वादी की बेटी) की सकुशल बरामदगी कर लिया है।

### शासन स्तर पर होगा हेलीपोर्ट का निर्णय

नोएडा । नोएडा प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी योजना हेलीपोर्ट की फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए प्राधिकरण ने शासन को फाइल भेज दी है। प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास के सामने हेलीपोर्ट का प्रेजेंटेशन किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया में सिर्फ एक कंपनी आई है, ऐसे में शासन स्तर पर गठित कमेटी के सामने ही फाइनेंशियल बिड खोलने का फैसला लिया जाएगा। 31 दिसंबर 2021 को हेलीपोर्ट के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किए गए थे। 31 मार्च 2022 को टेक्निकल बिड खोली गई। जिसमें एक ही कंपनी आई थी। इससे पहले भी परियोजना के लिए टेंडर जारी किए गए थे। उसमे भी एक ही कंपनी आई थी। ऐसे में अब फाइनेंशियल बिड खोलने के लिए शासन से अनुमति ली जाएगी। हेलीपोर्ट को पीपीपी मॉडल पर प्राधिकरण बनवाएगा। बेंगलुरु की एक कंपनी टेंडर प्रक्रिया में आई थी। इस कंपनी की तकनीकी बिड पहले खोली जा चुकी है। यह परियोजना बड़ी है, ऐसे में शासन से मंजूरी ली जाएगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि दो से तीन सप्ताह में फाइनेंशियल बिड खोलने पर निर्णय ले लिया जाएगा। इसके बाद काम शुरू होगा।

### नोएडा में हार्डवेयर की दुकान में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर-9 स्थित एक मिलेनियम हार्डवेयर की दुकान के दूसरे तल पर भीषण आग लग गई। आग शॉट सर्किट की वजह से लगी। लोगों ने गार्ड और दमकल विभाग को जानकारी दी। मौके पर छह दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। 25 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें तीसरे तल पर एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला। उसे कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी हालत अब ठीक है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि दोपहर में हार्ड वेयर की दुकान में आग लगने की सूचना मिली। आग दूसरे तल पर लगी थी। यहां इलेक्ट्रिकल का सामान था। सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया था। आग लगते ही दुकान में मौजूद लोग बाहर निकल गए। आग काफी तेज थी इसलिए आसपास की इमारतों को भी पानी डालकर उनकी दीवारों को ठंडा रखा गया। इस दौरान पहले बिजली सप्लाई बंद की गई। इसके बाद दमकल विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पाया। एक के बाद करीब 6 दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। उन्होंने आग पर काबू पाया और वायर और इलेक्ट्रिकल सामान ज्यादा होने की वजह से बिल्डिंग में धुआं काफी भर गया था। वेंटिलेशन नहीं होने से ये धुआं तीसरे फ्लोर पर भर गया।

### दुष्कर्म करने वाला कथावाचक गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** दुष्कर्म जैसा कृत करने वाले कथा वाचक को दादरी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। पीड़ित महिला उसके पास अपने बेटे के इलाज के लिए गई थी। आरोपी बच्चों को ठीक करने का झांसा देकर उसके साथ एक साल से दुष्कर्म कर रहा था। विरोध करने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मनोज शास्त्री को नगर पालिका दादरी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित महिला नेबताया कि आरोपी मनोज शास्त्री कथा वाचन का काम करता है। करीब एक साल पहले ग्रेटर नोएडा के सेक्टर में आयोजित भागवत कथा के दौरान पीड़ित महिला उससे मिली थी। उसने बताया कि उसका बेटा जन्म से ही बोल नहीं पाता है। मनोज शास्त्री ने महिला को आश्वासन दिया कि उसके बच्चे को वह तांत्रिक विद्या से ठीक कर देगा। महिला का आरोप की उपचार और तांत्रिक विद्या के नाम पर उसका दैहिक शोषण करने लगा। जब महिला ने अपने पति से शिकायत करने की बात की तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला का कहना है कि वह उसे लगातार फोन पर अश्लील बातें करता था और उसके घर पर भी आने लगा।

# 85 साल की बुजुर्ग संग दरिंदगी करने वाला गिरफ्तार

## विरोध करने पर मुंह पर मारे मुक्के; ब्लेड से काटे होंठ

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। शुक्रवार तड़के झुग्गी में सो रही एक 85 साल की बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के चेहरे पर ब्लेड से ताबड़तोड़ हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया और गला दबाकर मारने की कोशिश की।

आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद पीड़िता ने पड़ोसियों की मदद से पुलिस को शिकायत दी। शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताए हुलिए के आधार पर आरोपी की पहचान कर दोपहर बाद 22 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान आकाश के रूप में हुई है।

वह शकूरपुर के दूसरे ब्लॉक में रहता है। पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया है। पीड़िता के पति की मौत हो चुकी है। इसके बाद वह शकूरपुर स्थित झुग्गी में अकेली रहती है।

# दिल्ली को कृषि का दर्जा बहाल किया जाए : दयानंद वत्स

**नई दिल्ली।** दयानंद वत्स ने बताया कि दिल्ली को कृषि का दर्जा बहाल किया जाए क्योंकि अभी भी हजारों एकड़ जमीन में किसान दिल्ली के गांवों में खेती कर रहे हैं। दिल्ली सरकार ने दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने दिल्ली की सरकारी नौकरियों में दिल्ली के ग्रामीणों के युवाओं को 75प्रतिशत नौकरी दिल्ली के ग्रामीणों को देने का अभी तक प्रावधान नहीं किया गया है। दिल्ली में जो असामयिक तत्व सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके उन पर रातों रात झुग्गियां बना रहे हैं। सरकार उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बजाय ऐसे लोगों को जहां झुग्गी वहां मकान की योजना बनाकर उन्हें इनाम दे रही है। वही दूसरी और 36बिरादरी के गरीब गांव वालों को आज तक आवासीय योजना और काम-धंधे के



लिए दुकानों का लाभ तक नहीं दिया। गावों में आज तक लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक तक नहीं दिया गया। जिसे स्वामित्व प्रमाणपत्र कहते हैं। हम अपनी ही पुश्तैनी जायदाद का घर के मुखिया के निधन के बाद दाखिल खारिज, म्यूटेशन नहीं करा पा रहे हैं। उस पर भी सरकार ने रोक लगा रखीं हैं। आजादी के 77सालों बाद भी दिल्ली के सभी गांवों को लालडोरे से मुक्ति नहीं मिली हाउसटैक्स की तलवार गांवों पर लटक रही है। बिना बुनियादी सुविधाएं दिए टैक्स वसूली के नोटिस एमसीडी चस्पा रही है। मैट्रो रुट का विस्तार करने में गांवों की घोर उपेक्षा जारी है। रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट को मंजूरी नहीं। 23सालों का लंबा इंतजार पता नहीं कब खत्म होगा। है। उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र के गांवों में 23सालों बाद भी मेट्रो कनेक्टिविटी नहीं हो पाई है। दिल्ली के 360 गावों में बुनियादी सुविधाएं तक सुलभ नहीं हैं। बच्चों को खेलने के मैदान नहीं, डिस्पैंसरी, कम्युनिटी सेंटर, स्किल सैंटर नहीं बनाए गये हैं। सभी गांवों के हमारे श्रद्धेय ग्राम देवताओं के स्थानों का विकास करने की बजाय उनपर बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है। गावों के बड़े अस्पतालों में आवश्यक स्पेशलिस्ट स्टाफ, विभाग, आपरेशन थियेटर, 24घंटे जच्चा बच्चा सुविधा नहीं, दवाएं नहीं। लैब टेस्ट की सुविधाएं नहीं हैं। हार्ट, स्ट्रोक, बर्न विभाग नहीं हैं। सभी गांवों की फिरनी रोड बदहाल, जर्जर हैं। श्मशान घाटों पर शेड नहीं है। गांवों की गलियों और नालियों का निर्माण नहीं हो रहा है। दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड का बजट 360गांवों के लिए महज 115करोड रखा गया है। जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। यह बजट भी समय पर खर्च नहीं होता। दिल्ली सरकार मात्र 115करोड रुपये की धनराशि से 360गांवों के कायाकल्प करने की हवा हवाई बात कर रही है। यह काम कब पूरे होंगे कोई नहीं जानता।

# डूसू चुनाव को लेकर हुई सलाहकार समिति की बैठक

## विद्यार्थी समूहों को दी चुनाव संबंधी नियमों का पालन करने की सलाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव 2023-24 में विभिन्न पदाधिकारियों के चुनाव से संबंधित सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय में किया गया। विश्वविद्यालय के दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रॉक्टर, मुख्य चुनाव अधिकारी, कॉलेजों के प्रिंसिपलों और समिति के सदस्य प्रोफेसरों ने भाग लिया। बैठक में विचार-विमर्श के बाद कुछ जरूरी निर्णय लिए गए। चार टीमों को मिलाकर एक विशेष समिति का गठन किया गया है जो समूची दिल्ली में कॉलेजों के आसपास, विशेष रूप से कैंपस क्षेत्र में, सार्वजनिक संपत्ति के सर्वेक्षण और विरूपण को रोकने के लिए कार्य करेगी। यह समिति चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रॉक्टर कार्यालय और डूसू 2023 चुनाव समिति के साथ दैनिक आधार पर संयुक्त रूप से काम करेगी। सभी विद्यार्थी समूहों के उम्मीदवारों को आचार संहिता, डूसू का संविधान, छात्र संघ चुनाव के संबंध में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले केरल विश्वविद्यालय बनाम काउंसिल, प्रिंसिपल कॉलेजेज़, केरल और अन्य (लिंगदोह समिति की सिफारिश), माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश दिनांक 29.05.2019 डब्ल्यू.पी. उ संख्या 7824/2017 शीर्षक प्रशांत मनचंदा बनाम भारत संघ और अन्य (विरूपण मामला) दिल्ली संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम, 2007 और एनजीटी आदेश, जो डीयू की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, जैसे चुनाव संबंधी विभिन्न नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है। इन नियमों की अनुपालन न करने पर कानूनी कार्रवाई होगी, जिसमें उल्लंघनकर्ता की गिरफ्तारी और उम्मीदवार को चुनाव से वंचित करना भी शामिल है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कॉलेजों को, विशेष रूप से रात के समय सुरक्षात्मक अमला तैनात करके, अपनी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की भी सलाह दी गई है। कॉलेज इस संबंध में क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) या क्षेत्र के एसएचओ से भी संपर्क कर सकते हैं और प्रॉक्टर कार्यालय को भी सूचित कर सकते हैं। मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट) से भी अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी प्रकार के विरूपण और नियमों के उल्लंघन की रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाने हेतु समाचारों को अधिकतम स्थान दें।

# दिल्ली मुद्रा उत्सव में लगी पुराने सिक्कों की प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** कांस्टीट्यूशन क्लब में तीन दिवसीय दिल्ली मुद्रा उत्सव आयोजित किया गया है, जिसमें तांबा, सोना, चांदी, एल्युमिनियम जैसी धातुओं से बने सिक्कों की प्रदर्शनी लगाई गई है। दिल्ली कॉइन सोसाइटी की तरफ से यह आयोजन किया गया है। शुक्रवार को पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस दौरान नॉर्थ वेस्ट डीएम अंकिता गुप्ता, एडीएम भिका राम मीना सहित कई महत्वपूर्ण अतिथि उपस्थित रहे। दिल्ली मुद्रा उत्सव के अध्यक्ष सुनील सिंघल सोनू के नेतृत्व में यह आयोजन तीन सितंबर तक चलेगा।

दिल्ली मुद्रा उत्सव के सेक्रेटरी रवि गुप्ता, ट्रेजरर अरविंद दुबे, ज्वाइंट सेक्रेटरी अनवीर अजीज, असिस्टेंट ट्रेजरर अशोक कुमार जैन, एग्जीक्यूटिव मेंबर प्रदीप कुमार अग्रवाल, एचएल राय, कपिल गुप्ता, सैयद मोहम्मद असलम, रेनू गुप्ता, अरुण गुप्ता इसमें अपना सहयोग दे रहे हैं।

प्रदर्शनी में सिक्कों का इतिहास, संस्कृति, आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक महत्व समझ में आएगा।

## गोल्डी बराड़ का खास गुर्गा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लॉरेंस बिश्नोई/गोल्डी बराड़/मोनू डागर अपराध सिंडिकेट के प्रमुख सदस्य अंजीत को गिरफ्तार किया है। आरोपी कनाडा में बैठे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और अनमोल बिश्नोई के संपर्क में था। अंजीत पहले हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग 16 मामलों में शामिल था। कई मामलों में अदालती कार्यवाही से बच रहा था। इसके कब्जे से सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल व पांच कारतूस बरामद किए गए हैं। स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल के अनुसार, स्पेशल सेल, उत्तरी रेंज को दिल्ली और आसपास के राज्यों में हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती, कारजैकिंग आदि के सनसनीखेज मामलों में शामिल अपराधियों और संगठित अपराध सिंडिकेट के शार्प शूटरों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। इसी अभियान के दौरान इंस्पेक्टर मंदीप को सूचना मिली थी कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई/गोल्डी बराड़/मोनू डागर के करीबी सहयोगी अंजीत हेलीपोर्ट, रोहिणी आएगा। एसीपी वेदप्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर मंदीप व इंस्पेक्टर जयबीर की टीम ने हेलीपोर्ट के पास घेराबंदी कर अंजीत को गिरफ्तार कर लिया। ग्राम भटगांव, सोनीपत, हरियाणा निवासी आरोपी अंजीत ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की।

## चाकू से गोदकर युवक को उतारा मौत के घाट

नई दिल्ली। दिल्ली के हर्ष विहार में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सलमान उम्र 25 वर्ष पुत्र रौनक के रूप में हुई है, जो यूपी के बुलंदशहर के ग्राम लखावटी का रहने वाला था। युवक के पेट में चाकू के कई घाव हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतक मीत नगर फाटक, ज्योति नगर के पास पानी की रेडी चलाता था। रात करीब साढ़े 10 बजे उनकी मां से बात हुई। इसके बाद उनसे संपर्क नहीं हो सका। उसका फोन और वॉलेट गायब है। उनकी पत्नी और बेटा गांव में रहते हैं।

# अमेजन मैनेजर हत्याकांड में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार, एक अभी भी फरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के भजनपुरा इलाके में अमेजन कंपनी के मैनेजर हरप्रीत गिल की हत्या के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक चार आरोपियों को पकड़ा है, एक आरोपी अभी भी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सोहेल और जुबैर के रूप में हुई है। पुलिस ने इन आरोपियों को तब पकड़ा जब ये पंजाब भागने की फिराक में थे। इन्हें बुराड़ी से



गिरफ्तार किया गया है ।स वहीं इससे पहले गुरुवार को पुलिस ने बिलाल गनी और मोहम्मद समीर उर्फ माया को गिरफ्तार किया था।

मंगलवार रात उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में थाने से चंद कदमों की दूरी पर बाइक व स्कूटी सवार बदमाशों ने अमेजन के सीनियर मैनेजर और उसके मामा को गोली मार दी थी। गंभीर हालत में मैनेजर हरप्रीत गिल (36) और इनके मामा गोविंद (32) को नजदीकी जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां हरप्रीत को मृत घोषित कर दिया गया। मामा का इलाज जारी है। पुलिस ने बुधवार को जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवा कर हरप्रीत का शव परिवार को सौंप दिया।

# 108वें दिन भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरने पर किसान

## माकपा नेत्री ने सरकार पर जमकर बोला हमला, कहा- ये सरकार अडानी-अंबानी की सरकार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान सभा के नेतृत्व में पिछले 108 दिनों से किसानों का धरना और प्रदर्शन चल रहा है। किसानों को समर्थन देने के लिए शुक्रवार को माकपा नेत्री सुभाषणी अली किसानों के बीच पहुंची और उन्होंने किसानों को अपना समर्थन देते हुए केंद्र और राज्य की सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने सरकार को अंबानी और अडानी की सरकार बताया।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर चल रही किसानों के धरना प्रदर्शन में माकपा नेत्री सुभाषनी अली ने पहुँची ।उन्होंने किसान सभा के धरने को किया संबोधित करते हुए समर्थन का किया ऐलान किया। धरने को संबोधित करते हुए सुभाषनी अली ने कहा कि यह सरकार अडानी अंबानी की सरकार है। सरकार की नीतियां किसान और मजदूर विरोधी हैं ।सरकार सिर्फ गरीबों के पक्ष में जुमलेबाजी करती है जबकि निर्णय पूंजी पतियों के पक्ष में करती है ।उन्होंने कहा कि प्राधिकरण भी कोई अपवाद नहीं है, प्राधिकरण के पास पूंजीपतियों, बिल्डरों के लिए जमीन की कोई कमी नहीं है, परंतु किसानों के साथ किए गए समझौते के अनुसार प्लाट देने की नीयत प्राधिकरण की नहीं है। जिससे साफ जाहिर होता है कि प्राधिकरण किसके पक्ष में कार्य कर रहा है, जबकि सारी जमीन किसानों ने ही प्राधिकरण को दी है और प्राधिकरण हर बार अपने वादे से मुकरा है।

### 12 सितंबर को प्राधिकरण के दोनों गेट बंद करने की तैयारी

किसान सभा के प्रवक्ता डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कहा कि 12 सितंबर को प्राधिकरण के दोनों गेट पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे। किसान सभा प्राधिकरण और सरकार किसानो की वाजिब समस्याओं को हल करने के लिए पूरा मौका दे चुकी हैं। प्राधिकरण ने वादा खिलाफी करते हुए अपने वादे से मुकरने का कार्य किया है ।जिससे किसानों में आक्रोश बढा है। नतीजतन किसानों ने 12 सितंबर को प्राधिकरण को बंद करने का ऐलान किया है।

# साफ्टवेयर इंजीनियर की सड़क हादसे में मौत

**नोएडा।** सेक्टर-125 स्थित कंपनी जा रहे सॉफ्टवेयर इंजीनियर को तेज गति में आ रहे डंपर ने कुचल दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

आरोपी डंपर चालक घटना के बाद फरार हो गया। इंजीनियर के परिजनों ने सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में मोहम्मद अतीक अहमद खान ने बताया कि बीते 29 अगस्त की शाम छह बजे के करीब उनके बहनोई 36 वर्षीय नबी रहम निवासी शहीन बाग दिल्ली अपनी स्कूटी से नोएडा के सेक्टर-125 स्थित अपनी कंपनी में नाइट शिफ्ट की ड्यूटी पर जा रहे थे।

जब वह अपनी स्कूटी से एशियन लॉ कॉलेज के पास पहुंचे तो पीछे से तेज स्पीड में आ रहे डंपर ने उनको कुचल दिया। आरोपी डंपर चालक भाग गया। हादसे में नवी रहम गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पेट, पैर में गंभीर चोट आई। सेक्टर-126 पुलिस ने गंभीर हालत में इलाज के लिए उनको जेपी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर इलाज के दौरान 29 अगस्त की रात 11 बजे उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी अजय सिंह चहर ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

नई दिल्ली
शनिवार 02 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## संपादकीय

# अभिभावक भी समझें बच्चे की मन की बात

राजस्थान के कोटा में पिछले दिनों फिर दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली। वहां इस साल अब तक 23 छात्रों ने अपने जीवन से हताश-निराश हो कर खुदकुशी कर ली है। ये छात्र वहां रहकर कोचिंग संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। आखिर वहां छात्रों द्वारा आत्महत्या का दौर खत्म क्यों नहीं हो रहा है?

क्या कारण है कि सुनहरे भविष्य की राह पर चलने वाले छात्र अपना जीवन खत्म करने को मजबूर हो रहे हैं? छात्रों में ऐसा नकारात्मक दृष्टिकोण क्यों आ रहा है? सामान्य तौर पर देखा जाए तो आज के दौर की जीवन प्रक्रिया और हमारा एकांगी सोच इसका प्रमुख कारण है। आज के भौतिकवादी युग में समाज की मान्यता है कि जो व्यक्ति जितना बड़ा पैकेज ले रहा यानी पैसा कमा रहा है, वह उतना सफल और मेधावी है। आज व्यक्ति का मूल्यांकन उसके मूल्यों और सही आचरण से नहीं होता, बल्कि उसके द्वारा कमाए धन से माना जाता है।

दूसरा कारण माता-पिता की महत्वाकांक्षा है। आज हर माता-पिता अपने बच्चों को डाक्टर और इंजीनियर के अतिरिक्त और कुछ नहीं बनाना चाहता। आइआइटी और एम्स से नीचे किसी इंस्टीट्यूट में वे अपने बच्चों का एडमिशन नहीं कराना चाहते। अभिभावकों के जीवन में बच्चों की रुचियों, उनकी महत्वाकांक्षाओं का कोई महत्व नहीं होता। माता-पिता अपने दृष्टिकोण के अनुसार उनके लिए दिशा निर्धारित करते हैं। उन्हें क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए, इसका निर्धारण माता-पिता बच्चों पर न छोड़कर स्वयं करते हैं। इसी प्रक्रिया के तहत हर अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल के साथ कोचिंग इंस्टीट्यूट में जरूर भेजते हैं। भले ही उसकी फीस देने के लिए उन्हें कर्जा ही क्यों न लेना पड़े। इसके अला ?वा कोचिंग इंस्टीट्यूट भी समस्या का बड़ा कारण हैं। हर गली कूचे में कुकुरमुत्तों की तरह खुल गए कोचिंग संस्थानों का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा का विकास करना नहीं, बल्कि अधिक से अधिक पैसा कमाना है।

कोचिंग संस्थानों की इस मानसिकता से कहीं न कहीं वह छात्र भी प्रभावित होता है, जो इनसे जुड़ा है। कोचिंग संस्थान जितने बच्चों का दाखिला करते हैं, उन पर उन्हें बराबर ध्यान देना चाहिए और उनकी क्षमतानुसार उन्हें शिक्षा देने के साथ उनकी प्रतिभा का विकास करना चाहिए, पर वे सभी को एक डंडे से हांकते हैं।

पाठ्यक्रम पूरा करने की होड़ में कोचिंग इंस्टीट्यूट यह भूल जाते हैं कि कुछ बच्चे सबके साथ दौड़ नहीं सकते। ऐसे ही छात्रों के मन में हीनता बोध जागृत होता है, जो उन पर इस कदर हावी हो जाता कि उन्हें लगने लगता है कि वे अब कुछ नहीं कर सकते। उन्हें ग्लानि होती है कि उन्होंने अपने माता-पिता का पैसा बर्बाद कर दिया। जब यह ग्लानि अपने चरम पर पहुंच जाती है तो वे आत्महत्या की ओर कदम बढ़ा लेते हैं।

ग्लानि के इन क्षणों में उनकी काउंसलिंग करने वाला अपना कोई नहीं होता, जो उन्हें यह समझाए कि सफलता नहीं मिली तो कोई बात नहीं दोबारा प्रयास करो या अगर तुम्हें लगता है कि तुम यह नहीं कर सकते तो न करो, कुछ और भी किया जा सकता है। हताशा-निराशा के समय यदि कोई अपना आत्मीय व्यक्ति सांत्वना देता है तो व्यक्ति का दुख कम हो जाता है। मनोविज्ञान के अनुसार जब कोई व्यक्ति दुखी या निराश हो तो उसकी मां यदि प्यार से उसे गले लगाए तो उसका दुख कम हो जाता है। जो बच्चे अपने घरों से दूर रहकर कोचिंग संस्थानों में पढ़ रहे हैं, उन्हें निराशा के समय बल देने वाला कोई वहां दिखाई नहीं देता इसलिए वे निराशा की स्थिति से उबर नहीं पाते। यह स्थिति और भयावह न हो, इसलिए हमें कुछ ठोस कदम उठाने चाहिए।

# दिल्ली में बदमाशों को कानून का कोई खौफ नहीं

पिछले कुछ सालों में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिनमें अपराधी दिन-दहाड़े वारदात को अंजाम देते और फिर बिना किसी भय के निकल भागते हैं।

आमतौर पर दिल्ली और उससे जुड़े इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था देश के दूसरे शहरों की तुलना में अधिक चाक-चौबंद मानी जाती है। मगर पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह वहां आपराधिक घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, उससे पुलिस की नाकामी ही जाहिर होती है। अधिक अपराध वहीं होते हैं, जहां पुलिस का खौफ खत्म हो जाता है।

मंगलवार को जिस तरह मामूली कहा-सुनी में चार बदमाशों ने दो लोगों को गोली मार दी, बुधवार को गाजियाबाद के अदालत परिसर में एक वकील को उसके कमरे में घुस कर दो लोगों ने गोली मार दी, उससे एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बदमाशों को कानून-व्यवस्था का कोई खौफ नहीं रह गया है।

पिछले कुछ सालों में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिनमें अपराधी दिन-दहाड़े वारदात को अंजाम देते और फिर बिना किसी भय के निकल भागते हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किए गए तमाम इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। दिल्ली के भजनपुरा में जिन दो लोगों को गोली मार दी गई, उसमें अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद हुए खुलासे और चिंता पैदा करते हैं। उसमें गोली चलाने वाले चारों लड़के अठारह साल के आसपास की उम्र के हैं।

पुलिस का कहना है कि घटना एक संकरी गली में दोनों तरफ से आ रहे स्कूटरों के आमने-सामने आ जाने पर कहासुनी होने के बाद घटी थी। जिन लड़कों ने गोली चलाई, दरअसल उनका एक संगठित गिरोह है। उस गिरोह के सरगना की उम्र अभी अठारह साल है और उनके साथ एक इससे कम उम्र का लड़का भी था। ये लड़के इस कदर बेखौफ हैं कि उसके सरगना ने अपने इंस्टाग्राम पर दोनों हाथों में पिस्तौल लेकर तस्वीर साझा की है।

कई तस्वीरों में वह पिस्तौल चलाता देखा जा रहा है। एक तरह से वह सिर पर कफन बांध कर अपराध की दुनिया में उतरा है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी चार मामलों में वह आरोपी है। पुलिस के अनुसार बदमाशों का यह इस तरह का अकेला गिरोह नहीं है। ऐसे कई गिरोह दिल्ली में सक्रिय हैं, जिनमें अठारह साल और इससे कम उम्र के लड़के शामिल हैं।

हैरानी की बात है कि जो अपराधी सोशल मीडिया पर पिस्तौल के साथ तस्वीरें साझा करते हैं, ऐलानिया अपराध की बात कबूल करते हैं, उन पर भी पुलिस का शिकंजा कैसे नहीं कस पाता। समझना मुश्किल नहीं है कि पुलिस की इसी शिथिलता की वजह से ऐसे बदमाशों का मनोबल बढ़ता गया है।

अपराधियों में कानून का भय तब पैदा होता है, जब साजिशों को अंजाम देने से पहले ही पुलिस का हाथ उनकी गर्दन पर पहुंच जाता है। मगर अत्याधुनिक सूचना तकनीक से लैस होने का दावा करने वाली दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की पुलिस तो घटना के कई दिन बाद तक अपराधियों की तलाश में भटकती देखी जाती है।

उनसे घटना के पहले उन्हें दबोच लेने की उम्मीद करना दूर की बात है। फिर रसूखदार अपराधियों पर उसकी मेहरबानी भी छिपी बात नहीं है। ऐसी स्थिति में भला अपराधियों पर नकेल कसना कहां तक संभव हो सकता है। चिंता की बात है कि अब नाबालिग लड़के भी अपराध को पेशा समझने लगे हैं। अदालत परिसर तक में किसी की हत्या कर देने में बदमाशों के हाथ नहीं कांपते। ऐसे वातावरण में भला दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सुरक्षा के दावे कितने पुख्ता कहे जा सकते हैं।

# चुनाव कब तक विसंगतियों पर सवार होते रहेंगे?



ललित गर्ग




लोकसभा एवं पांच प्रांतों में विधानसभा चुनाव सन्निकट है, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हैसियत से आगे निकलकर राजनीतिक दल जनता को मुफ्त की रेवड़िया एवं सुविधाएं देने के लिए वादों का पिटारा खोलते जा रहे हैं, चुनाव सुधार की दिशा में सार्थक कदम इन चुनावों में भी उठते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिताऊ उम्मीदवार अब भी राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया पर हावी है, धनबल एवं बाहुबल का ही वर्चस्व एक बार फिर देखने को मिले, तो कोई आश्चर्य नहीं है। योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं।

चुनाव प्रक्रिया महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन करने वाली हो जाती है। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। हाल के वर्षों में चुनाव सुधार की दिशा में जितने भी कदम उठे हैं, उनमें राजनीतिक दलों की बजाय सर्वोच्च न्यायालय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही है या फिर चुनाव आयोग की। लोकप्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत चुनाव आयोग भारत में चुनाव कराता है। साल 1990 में जब टीएन शेषन देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए तो उन्होंने चुनाव सुधारों की दिशा में वे कदम उठाए जो असंभव समझे जाते थे। शेषन चुनाव-सुधार के प्रेरक बने एवं उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए पहली बार देश को अहसास कराया कि चुनाव आयोग नामक कोई दमदार संस्था भी होती है, जो चाहे तो बंदूकों के दम पर बूथ लूटने वाले आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा सकती है। तभी पता चला कि चुनावी प्रशासन कितना कठोर और अनुशासनबद्ध हो सकता है।

शेषन के बाद चुनाव आयोग सक्रिय हुआ है, लेकिन शेषन जैसे प्रभावी कदम उठाने की कमी अब भी दिखाई दे रही है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अरविन्द केजरीवाल, मध्यप्रदेश में शिवराजसिंह चौहान एवं राजस्थान में अशोक गहलोत सरकारों ने मुफ्त की रेवड़िया बांटने की झड़ी लगा रखी है। धनबल एवं बाहुबल के बाद इन वर्षों में सर्वाधिक मुक्त सुविधाएं देने की घोषणाएं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब बन रही है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना जनता की राष्ट्र के प्रति उदासीनता का द्योतक है, जरूरत इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाने की है। यह समस्या या विकृति किसी एक प्रांत की नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र की लोकतांत्रिक समस्या है।

साल 2015 में चुनाव आयोग ने अपनी चुनावी गाइड लाइन में कहा था कि राजनीतिक दल चुनावी मैदान में उतरते वक्त मतदाताओं से जो वादे करते हैं, उन्हें यह भी बताना होगा कि किस स्त्रोत से सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा करेंगे। ऐसी गाइन लाइन का पालन कहां होता है? आम चुनाव एवं पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग को चाहिए कि कम से कम इस बार अपने दिशा-निर्देशों को सख्ती से लागू करे। चूंकि राजनीति में सेवा अब ज्यादातर दिखावटी हो गई है, मकसद व्यक्तिगत और दलगत दोनों स्तरों पर सिर्फ सत्ता प्राप्ति ही रह गया है। मुफ्त की रेवडियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधाओं की घोषणाएं करने के पीछे भी मकसद यही है। इस पूरी प्रक्रिया में अंततः नुकसान जनता को ही होता है। तरह-तरह के नये टैक्स और महंगाई के बोझ से आखिर जनता ही दबती है। अब जरूरी हो गया है कि साल 2015 के अपने ही दिशा-निर्देश को कड़ाई से लागू करने की दिशा में चुनाव आयोग आगे बढ़े। राजनीतिक दल जनता को बताएं कि जो वादे वे कर रहे हैं उन्हें किस स्त्रोत से पूरा करेंगे। तब मतदाता भी फायदा या नुकसान समझ पाएगा। तब शायद वोट देते वक्त वह अपने विवेक पर भरोसा करने की दिशा में भी आगे बढ़ना शुरू कर सकेगा।

चुनावों में धनबल का बढ़ता प्रयोग एवं मुफ्त रेवड़िया बांटने का दूषित एवं पूर्वाग्रहपूर्ण प्रचलन चिन्ता का सबब होना चाहिए। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, चौपट काम-धंधें एवं जीवन संकट के समाधान में क्या पांच राज्यों के विधानसभा एवं अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव कोई आदर्श प्रस्तुत कर पायेंगे? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, आम जनता पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती हैं, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान की भारतीय राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, आतंकवाद, बेरोजगारी, महंगाई की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है, बात चाहें विधानसभा चुनावों की हो या लोकसभा चुनाव की। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। आगामी चुनावों की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति भी जो सामने आने वाली है वह यह है कि चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होंगे। क्योंकि ये चुनाव अब तक के सर्वाधिक खर्चीले होने जा रहे हैं, इन चुनावों से पहले जिस तरह की सुविधाएं दी जा रही है या देने की घोषणाएं की जा रही हैं, वे नयी बनने वाली सरकारों के लिये बड़ी चुनौती होगी। संभव है ऐसी अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं मुफ्त रेवड़िया बांटने वाले दलों की सरकारें बन भी जाये। लेकिन प्रश्न है कि वे इन आश्वासनों एवं घोषणाओं को पूरा करने के लिये धन कहां से लायेंगे? जैसाकि 'मुफ्त' के वादे के साथ पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ तो हो गई, पर अब उसके बोर्डों और निगमों को पैसे की कमी से जूझना पड़ रहा है। यही हाल दिल्ली का भी है। दिल्ली परिवहन निगम में सालों से नई बसें नहीं आईं, सड़कों का बदहाल है और निगम करीब पैंतालीस हजार करोड़ के घाटे में है। दिल्ली जल बोर्ड भी सत्तर हजार करोड़ के घाटे में है। पंजाब में पुरानी पेंशन योजना लागू करना भी कठिन हो गया है। जबकि सत्ताधारी दल ने चुनाव लड़ते वक्त इसका वादा किया था। हिमाचल में भी पुरानी पेंशन और महिलाओं को मासिक भत्ता देने का वादा करके कांग्रेस सत्ता में आई। पर बढ़ते आर्थिक बोझ के चलते वादे लागू करना मुश्किल पड़ता जा रहा है। मई में कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पांच गारंटियों का वादा करके जीत गई। पर अब गारंटी पूरा करना कठिन होता जा रहा है। सामान्य विकास के लिए धन की कमी पड़ती है तो इन सुनहरें सपनें दिखाने वाली घोषणाओं को आकार देने एवं पूरा करने के लिये धन कहां से आयेगा? आखिर कब तक चुनाव इस तरह की विसंगतियों पर सवार होता रहेगा?

# अनेक रूप बदलता राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय चिंतन

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है।

ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा है।

वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है। लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं।

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती हैद्य जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है।

अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैंद्य भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं। यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैंद्य लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं।




# भारत में सीआरपीसी कानून के बदलाव के बाद महिलाओं और बच्चों के मिलेगी सुरक्षा

## गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में दिया आईपीसी और सीआरपीसी में बदलाव का प्रस्ताव



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

देश में बीते 150 सालों से चले आ रहें कानूनों के चलते देश की न्यायिक व्यवस्था कहीं ना कहीं धीमी पड़ चुकी है। इतना ही नहीं अंग्रेजों की जमाने में बने कानून मौजूदा समय में देश में हो रहें अपराधों के लिहाज से भी काफी ज्यादा पुराने हो चुकें हैं। नतीजतन पुराने कानूनों में अभी तक कोई बदलाव नहीं होने की वजह से जहां अपराधियों को जल्द से जल्द सजा नहीं मिल पाती है। वहीं दूसरी ओर पुराने कानूनों के चलते ही अक्सर कई बार पीड़ित व्यक्ति या महिला को न्याय मिलने में काफी ज्यादा देरी हो जाती है। लेकिन देश के गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बीते 11 अगस्त को संसद में पेश किया गया नया आईपीसी और सीआरपीसी संशोधन विधेयक यदि कानून के रूप में परिवर्तीत होता है तो निश्चित तौर पर देश की न्यायिक व्यवस्था में आमूलचुल परिवर्तन देखने को मिलेगा। वहीं दूसरी ओर महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के अलावा संगठित अपराधों में भी काफी तेजी से कमी आएगी। ऐसे में आज हम इस लेख के माध्यम से देश के गृह मंत्री अमित शाह की ओर लोकसभा में प्रस्तुत किए गए नए सीआरपीसी कानून विधेयक के बारे में विस्तार से जानने का प्रयास करेंगें।

### सीआरपीसी 1898 की जगह अब होगी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

गौरतलब हूँकि बीते 11 अगस्त को देश के गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा के अंदर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता नाम के एक नए विधेयक को प्रस्तुत किया है। दरअसल गृह मंत्री अमित शाह की ओर से सदन में प्रस्तुत किया गया भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कानून सीआरपीसी 1898 को रिप्लेस करके बनाया गया है। इस नए कानून में कई आमूलचुल परिवर्तन किए गए हैं मसलन महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों में काफी ज्यादा तेजी से जांच और ट्रायल प्रक्रिया को शुरू करना आदि। इसके अलावा नए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित 2023 कानून में कई नई धाराओं को जोड़ने के अलावा कई पुरानी धाराओं को समाप्त भी किया गया है। गौरतलब हो कि सीआरपीसी 1898 को परिवर्तित करके नए प्रस्तावित कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 में अब 511 धाराओं की जगह केवल 356 धाराएं ही शामिल होंगी। इसके अलावा इस नए कानून में 175 धाराओं को परिवर्तित भी किया गया है। इसके साथ साथ नए भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 में कुल 8 नई धाराओं को जोड़ने के साथ ही पूर्व की 22 धाराओं को निरस्त भी किया गया है। इस लिहाज से देश के गृह मंत्री की ओर से संसद में पेश किए गए नए भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 में मे कई आमूलचुल परिवर्तन किए गए है।

### देश में अब राजद्रोह कानून पूरी तरह से समाप्त होगा

दरअसल देश में अंग्रेजो के जमाने में सीआरपीसी 1898 में शामिल किया गया राजद्रोह कानून को नए भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम में समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही अब देश में राजद्रोह जैसा कोई भी कानून लागू नहीं होगा। गौरतलब हूँकि अंग्रेजों के समय में राजद्रोह कानून का इस्तेमाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को जेलों में डालने के लिए और स्वतंत्रता आंदोलन का दमन करने के लिए किया जाता है। लेकिन आजादी के बाद के सरकारों ने इस कानून को नहीं बदला। नतीजतन राजद्रोह का कानून देश में लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन अब नए भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 में राजद्रोह कानून को समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा पुराने सीआरपीसी 1898 में राजद्रोह कानून को ही सबसे उपर यानी नंबर एक पर रखा गया था । जबकि हत्या और महिलाओं से जुड़े अपराधों को 302 नंबर पर रखा गया था। लेकिन अब भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम में महिलओं और बच्चों से जुड़े अपराधों को नंबर एक पर रखा गया है । ऐसे में पुराने सीआरपीसी कानूनों में बदलाव करके केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने भारत के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बेहतर न्याय दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है।

### इंडियन पैनल कोड 1860 अब होगा भारतीय न्याय संहिता-2023

अंग्रेजों के शासान में बना इंडियन पैनल कोड 1860 का कानून आज भी हमारे देश में लागू है। दअरसल बीते शुक्रवार यानी 11 अगस्त को देश के गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में पुराने आईपीसी 1860 कानून को परिवर्तित करके उसके बदले नया कानून यानि भारतीय न्याय संहिता को प्रस्तुत किया। दरअसल गृह मंत्री की ओर से प्रस्तुत किए गए नए भारतीय न्याय व्यवस्था कानून में अब आईपीसी 1860 की 511 धाराओं की जगह अब केवल 356 धाराएं ही होंगी। इसके साथ ही नए भारतीय न्याय संहित 2023 में पुरानी 175 धाराओं को परिवर्तित किया भी गया है। जबकि आईपीसी 1860 की जगह नए भारतीय न्याय संहिता में 8 नई धाराओं को जोड़ा गया है। वहीं आईपीसी 1860 में से 22 नई धाराओं को निरस्त भी किया गया है। इस लिहाज से कहीं ना कहीं पुरानी आईपीसी 1860 को समाप्त करके बनी नई भारतीय न्याय संहिता से देश के नागरिकों को कम समय में उचित न्याय मिलेगा।

### इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023

देश के गृहमंत्री अमित शाह की ओर से बीते 11 अगस्त को संसद में इंडियन एविडेंस एक्ट को रिप्लेस करते हुए नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 का विधेयक प्रस्तुत किया गया है। दरअसल केंद्र सरकार की ओर से सदन में प्रस्तुत किए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में अब 167 धाराओं के स्थान पर कुल 170 धाराए होंगी। इसके अलावा 123 धाराओ में बदलाव के साथ ही 5 धाराओं को निरस्त भी किया गया है। जबकि एक नई धारा को भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में जोड़ा गया है। दरअसल नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत अब डिजिटल कंटेंट को भी कोर्ट की ओर से प्रमुख एविडेंस माना जाएगा। इसके अलावा भारतीय साक्ष्य अधिनियम दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार करते हुए डिजिटल दस्तावेजों को भी एविडेंस के रूप में शामिल किया गया है। ऐसे में इन डिजिटल दस्तावेजों में मुख्य रूप से ईमेल, स्मार्ट फोन, सर्वर और वेबसाईट्स कानूनी मान्यता मिलेगी। इसके अलावा देश के गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि देश में डिजिटल एविडेंस को मजबूती प्रदान करने की दिशा में बहुत जल्द ही एक फारेंसिक यूनिवर्सिटी की स्थापना करने की भी बात कहीं है। दरअसल जब देश में फारेंसिक एक्सपर्ट ज्यादा होंगें तो देश में डिजिटल ऐविडेंस को कानूनी मान्यता मिलने के बाद बढ़ावा भी मिलेगा। इस लिहाज से कही ना कहीं देश में अब नए कानूनों के बनने के बाद न्यायिक व्यवस्था पहले से काफी ज्यादा आधुनिक और बेहतर होगी।

नई दिल्ली
शनिवार 02 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### युवक ने की गोली मारकर की आत्महत्या

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के शमशाबाद थाना क्षेत्र में आज कर्ज वसूली से दुखी एक शराबी युवक ने गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बवरापुर निवासी सचिन (32) पत्नी अंजलि एवं बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मना करके घर लौटा था ।वह जयपुर में छपाई का काम करता था। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि आत्महत्या करने वाले युवक को दो बहनों की शादी करनी थी। वह शराब पीने का आदी था तथा उसने लोगों से, कर्ज ले रखा था। कर्ज देने वाले आए दिन युवक सचिन से, तगदा करते थे इसी दुखी होकर युवक सचिन ने आज तड़के करीब पांच बजे अपने घर के अंदर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इधर घटना की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम पुलिस बल मौके पर पहुंचा और और आत्महत्या में प्रयुक्त तमंचे को अपने कब्जे में लेकर, शब का पंचनामा भरकर के ,पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भेजने की कार्रवाई शुरू की गई।

### पुलिस के साथ मुठभेड में इनामी गिरफ्तार

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले की छतारी थाना पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में 25000 का इनामी बदमाश लटूरी बंजारा गोली लगने से घायल हो गया है और इसका एक साथी फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अन्विता उपाध्याय ने आज यह जानकारी देते हुए बताया की छतारी थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार को सूचना मिली कि कुछ बदमाश पहासू रोड स्थित मंडी के पास एक बाग में किसी वारदात को अंजाम देने इकट्ठे हैं। पुलिस ने गुरुवार की देर रात में मौके पर पहुंचकर बदमाशों को ललकारा अपनेको घिरा देख फायरिंग शुरू कर दी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया जबकि उसका दूसरा साथी फायरिंग करता हुआ अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भाग निकला। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल बदमाश की शिनाख्त लटूरी मूल निवासी रोहिदा थाना अरनिया जिला बुलंदशहर हाल निवासी नगला बंजारा थाना छतारी बुलंदशहर के रूप में हुई उसके कब्जे से 315 बोर का देसी तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि लटूरी के विरुद्ध कई थानों में अपराधिकवाद दर्ज हैं उसके विरुद्ध शिकारपुर थाने में आईपीसी की धारा 395 ,412 के तहत मुकदमा दर्ज है जिसमें वह फरार घोषित है और गिरफ्तारी पर 25000 का इनाम घोषित है।

### रोडवेज बस पलटी, कई यात्री घायल

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में आज बस चालक की लापरवाही से रोडवेज की एक बस अनियंत्रित होकर पलटने से, परिचालक सहित कई यात्री घायल हो गये। यह जानकारी रोडवेज प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि एटा रोडवेज डिपो की बस यू0पी078 एच0 एन0 3604 शुक्रवार तड़के फर्रुखाबाद बस अड्डे से,एटा के लिए रवाना हुई। इसके बाद यह तेज रफ्तार वाली बस ,जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सिरमौर बांगर पुलिया के समीप में ,चालक की लापरवाही से अनियंत्रित होकर, सड़क पर पलट गई और काफी दूर तक रफ्तार में घसीटती गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही फर्रुखाबाद डिपो रोडवेज एआरएम, आर सी यादव तत्कालघटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेने के दौरान प्रथम दृष्टा पाया कि वह चालाक अवधेश कुमार के लापरवाही से तेज रफ्तार वाली यह बस पुलिया पर पलट कर दूर तक घिसटती चली गयी, जिसके फल स्वरुप बस चालक मामूली रूप से घायल हो गया। एआरएम ने बताया कि हादसे के बाद सभी यात्रियों को एक दूसरी रोडवेज बस से एटा के लिए भिजवाया गया।

### जौनपुर: भूमि विवाद में चाकू मार कर युवक की हत्या, दो गंभीर रूप से घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हमजापुर गांव में गुरुवार रात में भूमि विवाद को लेकर पट्टीदारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। चाकू से हुए हमले में एक पक्ष से पिता-पुत्र समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में पुत्र को मृत घोषित कर दिया गया, दो घायलों को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार जिले में सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हमजापुर गांव में गुरुवार की रात आठ बजे दो पट्टीदारों में जमीन को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान रवि शंकर चौहान की तरफ से हुई चाकूबाजी में दूसरे पक्ष से अनुराग चौहान (20) पुत्र राजेश चौहान की मौत हो गई, जबकि राजेश चौहान (45) पुत्र अक्षय कुमार चौहान व भतीजा सुमन चौहान (23) पुत्र भास्कर चौहान आघायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर देखते हुए इन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस मौके पर पूछताछ में जुटी हुई है।

### जौनपुर में वकीलों ने हापुड़ के वकीलों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में वकीलों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में जौनपुर सिविल कोर्ट सहित सभी तहसीलों के वकील शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत होकर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र नाथ उपाध्याय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के हापुड़ में कल वकीलों पर पुलिस द्वारा बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में यहां संघ भवन पर बैठक कर वकीलों पर हुए बार-बार लाठी चार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की गई और सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने जुलूस के शक्ल में नारेबाजी करते हुए पुलिस प्रशासन पर विरोध में नारे भी लगाए। इसी तरह जिले की सभी तहसीलों मडियाहू मछली शहर बदलापुर शाहगंज और केराकत में भी अधिवक्ताओं ने पुलिस विरोधी नारे लगाए और पूरे दिन न्यायिक कार्य से भी विरत रहकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा।

### लखनऊ में मंत्री के घर में जुए में हुई हत्या

लखनऊ। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर में हुई विनय श्रीवास्तव की हत्या का खुलासा हो गया है। मंत्री के बेटे विकास के दोस्त विनय श्रीवास्तव की हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान अंकित, अजय और शमीम बाबा के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक जुए में हार जीत को लेकर विवाद हुआ था। विनय श्रीवास्तव जुए में अंकित से करीब 15 हजार रुपए हार गया था। जीत के बाद अंकित ने जुआ खेलने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर नशे में उनके बीच कहासुनी हुई थी। जिसके बाद विनय ने बेड के नीचे से पिस्टल निकाल ली। इसके बाद दोनों के बीच छीना-झपटी होने लगी। इसी दौरान गोली चलने से विनय की मौत हो गई। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर में विनय श्रीवास्तव का खून से लथपथ शव कमरे में बेड के पास मिला था। उसके सिर पर गोली मारी गई थी। वारदात को मंत्री के बेटे विकास उर्फ आशू की लाइसेंसी पिस्टल से अंजाम दिया गया। शव के पास से ही पुलिस ने पिस्टल बरामद की है। मृतक की शिनाख्त विनय श्रीवास्तव (30) के तौर पर हुई है। वह मंत्री के बेटे विकास का दोस्त था।

### आगरा में साइबर फॉड करने वाले तीन अरेस्ट

**आगरा।** आगरा में पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले 3 शातिर आरोपियों को अरेस्ट किया है। उनके कब्जे से एटीएम कार्ड, सिम कार्ड समेत अन्य सामान बरामद किया किया है। शातिर युवक साइबर फ्रॉड के माध्यम से अगल-अलग खातों में पैसे भिजवाते थे। थाना शाहगंज पुलिस चेकिंग कर रही थी तभी मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल पर 3 युवकों को अरेस्ट कर लिया। आरोपी लोहामण्डी से शाहगंज की तरफ आ रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह शानू के लिये काम करते हैं। उनसे मिले एटीएम कार्ड अलग-अलग व्यक्तियों के हैं। वे लोगों को पैसों के लालच में उनसे खाते खुलवाते हैं। इन फर्जी सिम के माध्यम से शातिर सीधे लोगों से बात करके अपने आप को बिजलीकर्मी, बैककर्मी आदि बताकर धोखे से उनका पासवर्ड और ओटीपी पूछकर उनका खाता साफ कर देते हैं। शानू लोगों से धोखाधड़ी करके नैट बैंकिंग के जरिए पैसा ट्रांसफर कराता है।

# 18 कमिश्नरी में शुरू हुए अटल आवासीय विद्यालय, 57 जिलों में भी की जाएगी शुरुआत

## अटल आवासीय विद्यालय गुरूवार्ता संगम कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सीएम योगी ने वितरित की स्कूली किट, परिचायिका व वेबसाइट भी की लॉन्च

**लखनऊ।** भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था कि देश के निम्न आय वर्ग के लोगों तक भी वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर्स और सुविधाओं तक पहुंच हो। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा व अंत्योदय की प्रेरणा को साकार करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में 18 अटल आवासीय विद्यालयों की शुरुआत की जा रही है। यह विद्यालय न केवल श्रमिकों, निराश्रितों व वंचित वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा का सपना साकार करने वाला कदम होगा बल्कि गुरुकुल परंपरा के मूल्यों को साथ लेकर भारतीय मूल्यों का संवर्धन कर युवाओं की एक ऐसी पौध विकसित करेगा जो पूरी दुनिया में भारत के सच्चे मूल्यों के ध्वजवाहक बनेंगे। यह बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित %अटल आवासीय विद्यालय गुरूवार्ता संगम कार्यक्रम में टीचरों व स्टूडेंट्स् से संवाद करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रदेश के 18 संभागों में 6वीं से 12 क्लास के मध्य सीबीएसई पैटर्न पर संचालित होने वाले 12 से 15 एकड़ में फैले वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज युक्त अटल आवासीय विद्यालय न केवल स्टूडेंट्स के कौशल विकास का केंद्र बनेंगे, बल्कि देश की उन्नति में योगदान देने वाले श्रमिकों, वंचितों व निराश्रितों के बच्चों के लिए शिक्षा के साथ ही समेकित विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इसे अब जल्द ही 57 जिलों में भी शुरू किए जाने की तैयारी है। इस अवसर पर सीएम योगी ने अटल आवासीय विद्यालय के लिए चयनित स्टूडेंट्स को स्कूली किट



वितरित करते हुए उन्हें व्यक्तिगत तौर पर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके अतिरिक्त अटल आवासीय विद्यालय की परिचायिका व अटल आवासीय विद्यालय से जुड़ी वेबसाइट http//www.atalvidyalaya.शहद्द की लॉन्चिंग भी की।

### लकीर का फकीर नहीं, अभिनव प्रयोग करना होगा

सीएम योगी ने कार्यक्रम में 18 अटल आवासीय विद्यालयों के प्रिंसिपल्स, 130 चयनित टीचर्स, 137 आउटसोर्सिंग स्टाफ व 848 एमटीएएस समेत कनिष्ठ कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना काल मे जिन बच्चों ने अभिभावकों को खोया है उनके लिए हमने बाल सेवा योजना शुरू की। उन्हे भी इसमें प्रवेश का लाभ दिया जायेगा। अटल जी कहा करते थे कि आदमी न बड़ा होता है, न छोटा होता है, आदमी सिर्फ आदमी होता है। श्रमिक राष्ट्र का निर्माता है। वह अपनी मेहनत पसीने से राष्ट्र के निर्माण मे सहयोग देता है, लेकिन उसकी जिंदगी खानाबदोश होती है। आज यहां, कल कही और होगा, उसके पीछे उसके बच्चे भी ऐसे ही सफर करते हैं। इन्हीं बच्चों के लिए ये अटल आवासीय विद्यालय हैं। यहां से 6 वर्ष बाद जब स्टूडेंट्स बाहर निकलेंगे तो स्वावलंबी, आत्मनिर्भर होकर निकलें, यही लक्ष्य है। टीचर्स को इसे सुनिश्चित करना होगा और ऐसा करने के लिए नए प्रयास करने होंगे। याद रखिए, हमको लकीर का फकीर नही बनना है, हमको अभिनव प्रयोग करना होगा।

### आत्मनिर्भरता बनेगी सफलता की कुंजी

सीएम योगी ने कहा कि हमारी समस्या यह है कि हर व्यक्ति दूसरे पर निर्भर हो जाता है। सरकार संस्थान तो निर्माण करवा देती है और सुविधा देती है लेकिन उसका उपभोग करने वाले पानी की टोंटी बंद नही करते। यह कहने का आशय है, उपभोग करने वालों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। बिल्डिंग बहुत भव्य बनी हो लेकिन उसकी देखरेख, रखरखाव के अभाव में भवनों पर पेड़ उग आते हैं। ऐसे ही भवन खंडहर हो जाते हैं।

टीचर्स को ये सुनिश्चित करना होगा। साथ ही, स्वच्छता, शुचिता और परिसर को पूर्णत: व्यसन मुक्त करना सुनिश्चित करना होगा तभी स्टूडेंट्स का समेकित विकास संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा, अनुशासन आवश्यक है, अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर नहीं होगी तो एक आदर्श स्थिति की नींव पड़ेगी जो आगे चलकर उदाहरण बनेगी।

# बहराइच में अलग-अलग हादसों में 5 की हुई मौत

## नदी पार करते समय दो युवक डूबे, बाइकों की टक्कर में तीन की जान गई

**बहराइच।** बहराइच में जानवर चराने गए बालक समेत दो लोगों की नदी पार करते समय डूबने से मौत हो गई। बालक को बचाने के चक्कर में युवक की भी जान चली गई। काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने शव को बरामद किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद कोहराम मचा हुआ है। जरवल रोड थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत अहाता निवासी संजय (14) पुत्र जगतराम गौतम और धनीराम (40) पुत्र बदलू भैंस लेकर बरौलिया घाट पर घाघरा नदी को पार कर भैंस चराने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि नदी पार करते समय संजय घाघरा की लहरों में फंस गया और डूबने लगे। संजय को डूबता देख धनीराम बचाने दौड़े। संजय का हाथ पकड़ कर खींचने लगे। तभी दोनों घाघरा की गहराई में डूब गए।

सूचना पर जरवल चौकी इंचार्ज




अवधेश कुमार द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी। काफी तलाश के बाद दोनों का शव गोताखोरों ने बरामद कर लिया। थाना अध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दो गम्भीर रूप से घायल

वहीं बहराइच के नानपारा-लखीमपुर हाइवे पर दो बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दो गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भिजवाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### राखी बंधवाने के बाद घर वापस आ रहे थे

मोतीपुर थाना क्षेत्र के नौशर गुमटिहा निवासी गणेश (25) अपनी पुत्री अंशिका (4) और बहन शबनम (80) पत्नी सांवली प्रसाद के साथ राखी बंधवाने के बाद घर वापस आ रहे थे।

इसी दौरान नानपारा लखीमपुर मार्ग पर राजापुर कला के पास उनकी रूपईडीहा थाना क्षेत्र के जिया गांव निवासी ओंकार (40) व उनके साथ मौजूद उनकी पत्नी मैना देवी (38) के साथ जोरदार टक्कर हो गई।

### चार पहिया वाहन की चपेट में आकर हुई सब्जी विक्रेता की मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर चार पहिया वाहन की चपेट में आने से सब्जी विक्रेता की मौत हो गयी है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोपीगंज कोतवाली के किशुनदेवपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरूवार देर शाम अज्ञात चार पहिया की चपेट में आने से सब्जी विक्रेता की मौके पर हुई मौत हो गई। बताया जाता है कि किशुनदेवपुर राधास्वामी धाम निवासी सुरेश विन्द (45) पुत्र हेमराज विन्द राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तरी लेन सड़क को पार कर रहा था। इस दौरान प्रयागराज से वाराणसी कीतरफ जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही भारी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलने पर पहुंच भी पहुंच गई ।काफी समझाने बुझाने के बाद भी जाम समाप्त नहीं हुआ। इसके बाद भारी फोर्स के साथ पहुंचे कोतवाल सदानंद सिंह ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया।

# 50 लाख से अधिक की चोरी के मामले में छह गिरफ्तार

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में पुलिस ने 50 लाख 50 हज़ार कैश चोरी मामले में छह आरोपी गिरफ़्तार कर उनके कब्जे से 32 लाख 30 हज़ार रुपए कैश,एक स्कार्पियो, तीन बाइक,सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि एसओजी टीम व सर्विलांस टीम द्वारा 50 लाख 50 हज़ार कैश चोरी की घटना के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी मुजाहिद निवासी बहेड़ी ब्रह्मनान थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद, डॉ बाबू अली निवासी ग्राम दौलरा थाना मूंढापांडे मुरादाबाद हाल निवासी सागर हाउसिंग कांप्लेक्स अनूपशहर रोड़, थाना क्वारसी जिला अलीगढ़, ताहिर निवासी वार्ड नंबर 15 काजीपुरा थाना सिविल लाईन जिला मुरादाबाद, सौरभ निवासी मौहल्ला हर्ष नगर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद, जाकिर निवासी ग्राम रवाना थाना शाहबाद जिला रामपुर तथा धर्मवीर निवासी ग्राम करीमपुर जब्ती थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 32 हज़ार रुपए कैश,घटना में प्रयुक्त यूपी 81-डीए 6160 नंबर



की ब्लैक रंग की एक स्कार्पियो, तीन मोटरसाइकिल समेत एक काले रंग का हैंडबैग बरामद किया है।

घटना के खुलासे की जांच में आठ आरोपियों के नाम सामने आए हैं जिनमें से छह को पुलिस ने आज़ गिरफ्तार किया है जबकि रियाज़ उर्फ रियासत निवासी ग्राम पडिया थाना कुंदरकी मुरादाबाद तथा इकराम निवासी पडिया थाना कुंदरकी समेत दो आरोपी फरार चल रहे हैं।

घटना के मुख्य आरोपी बाबूअली ने पुलिस को बताया कि वह अलीगढ़ में प्रापर्टी डीलर का काम करता था, कारोबार में घाटे की वज़ह से वह पैसों की तंगी से जूझ रहा था। उसके साढ़ू फैय्याज ने लगभग छह महीने पहले अपनी ज़मीन बेची थी। साढ़ू के पास मोटी रकम को हड़पने के लिए योजना तैयार की।

# झांसी डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक गेम्स 2023 का हुआ रंगारंग शुभारंभ

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक गेम्स 2023 का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हुआ। स्टेडियम में इस खेल महोत्सव का शुभारंभ मशाल प्रज्जवलित कर किया गया। स्टेडियम में मौजूद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर मशाल प्रज्जवलित की। इस दौरान लगभग 15 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पहले दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली। मार्चपास्ट के बाद ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया और इसके बाद मुख्य अतिथि प्रकाश पाल क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अन्य गणमान्यों के साथ मशाल प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

# शाहजहांपुर नगर पंचायत के सभासदों को बनाया बंधक

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले की खुटार नगर पंचायत में अध्यक्ष द्वारा लाए गए मनमाने प्रस्तावो पर हस्ताक्षर न करने वाले आठ सभासदों को अपने आवास पर बंधक बना लिया गया इस दौरान सभासदों पर फायरिंग भी की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेई ने शुक्रवार को बताया कि थाना खुटार नगर पंचायत में मंगलवार की रात में नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि रवि सिंह ने अपने आवास पर सभासदों को बुलाया था बाद में उनसे मनमाने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव बनाया गया । जब सभासदों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया तब खुटार नगर पंचायत अध्यक्ष मैना देवी के प्रतिनिधि तथा वहां मौजूद उनके साथी भड़क गए तथा आरोप है कि उन पर तमंचे से फायर भी किए गए।

बाजपेई ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि रवि सिंह वह उनके साथियों ने सभासद मंगल सिंह, शराफत खान, सुशील राठौर, चंदन गुप्ता तथा सभासद पति देवेश गुप्ता, अनुज सिंह समेत 08 सदस्यों को बंधक बना लिया इसके बाद जब सभासदों ने काफी अनुनय विनय की तब रात एक बजे उन लोगों को छोड़ा गया इसी मामले में गुरूवार देर रात सभासदों की ओर से गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया।

वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष मैना देवी के पति बाबूराम ने बताया कि मामला पूरी तरह फर्जी है किसी को बंधक नहीं बनाया गया है यह एक राजनीतिक षड्यंत्र है उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें पूरे बहुमत के साथ चुना है इससे उनके विरोधी बौखला गए हैं और साजिश रच रहे हैं। मामले में आरोपी बनाए गए नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि रवि सिंह ने बताया कि मामला पूरी तरह झूठा है उन्होंने किसी को बंधक नहीं बनाया है। रिपोर्ट दर्ज की गई है परंतु पुलिस द्वारा की जा रही जांच में सारा कुछ स्पष्ट हो जाएगा। पुलिस ने नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि रवि सिंह समेत अन्य आरोपियों पर धारा 307, 342, 504, 323 ,तथा एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बहराइच : दुष्कर्म के दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने शुक्रवार को दुष्कर्म के एक मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई ।

न्यायाधीश ने आरोपी पर दोषसिद्धि के बाद एक लाख का अर्थदंड लगाते हुए जुर्माने की राशि पीड़िता को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जुर्माने की राशि अदा न करने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा का आदेश दिया है।

दीवानी न्यायालय के विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह और विशेष लोक



अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मटेरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय बालिका 12 फरवरी 2020 को खेत में मवेशियों के लिए घास काट रही थी। शाम पांच बजे उसी गांव के निवासी राजू पुत्र ननकू प्रसाद वहां पहुंच गया।

बालिका के साथ राजू ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। बालिका रोते हुए घर पहुंची उसने आप बीती बताई थी। पिता ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया, इसके बाद 164 का बयान हुआ। न्यायालय पर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए न्यायाधीश वरुण मोहित निगम ने आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने आरोपी पर एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि पीड़िता को देने के निर्देश दिए हैं। जुर्माना की राशि अदा न करने पर आरोपी को एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### बुलंदशहर : पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के शिकार पीड़ित को लौटायी रकम

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में थाना नरसैना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी का शिकार होकर गाढ़ी कमाई गवाने वाले पीड़ितों को पचास हजार रूपये वापस करायें। एसपी सिटी सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि थाना नरसैना क्षेत्र के ग्राम महुआ खेड़ा निवासी रविंद्र कुमार ने गत 2 मई 2023 को साईबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज शिकायत में पेटीएम के माध्याम से उनके खाते से 50,000/- रुपये काटे जाने का आरोप अंकित कराया था। सूचना पर थाना नरसैना साइबर हैल्प डेस्क द्वारा तत्परता व सटीकता से काम करते हुए आवेदक के 50,000/- रुपये आवेदक के बैंक खाते में वापस कराये गये।

# तालाब में उतराता मिला महिला और दो साल के बेटे का शव

**पति से झगड़ा हुआ था, आशंका है कि गुस्से में आकर युवती पूनम ने बेटे सहित तालाब में कूद कर आत्महत्या कर ली**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के महोबकंठ क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवती और उसके दो साल के मासूम बेटे का शव तालाब में उतराता हुआ पाए जाने से हड़कम्प मच गया।

पुलिस उप अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि परापातर गांव मे मानिक राजपूत के खेत मे बने तालाब में युवती पूनम (28)व उसके दो साल के बेटे उत्कर्ष के शव पानी मे उतराते हुए बरामद किए गए हैं।

यह युवती अपने बेटे सहित कल शाम से गायब थी। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की परंतु पता नही लगा।

मृतका के भाई हरिओम के मुताबिक बहन के लापता होने की सूचना बहनोई रंजीत को दी तब उसे तालाब पहुंच पूनम व उत्कर्ष की तलाश करने को कहा गया, जिसके उपरांत दोनों शव बरामद किए गए।

पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि मानिक राजपूत की बेटी पूनम की शादी कोई तीन साल पहले हमीरपुर जिले के तुन्ना गांव में रंजीत राजपूत के साथ हुई थी। उसका दो साल का बेटा था। वह ग्रेजुएशन की दूसरे वर्ष की छात्रा थी। रक्षा बंधन के त्योहार पर पूनम अपने भाई को राखी बांधने गांव आई थी। कहा जा रहा है कि कल शाम वह बेटे को साथ लेकर खेतों की ओर गई थी। जहां मोबाइल फोन पर बातचीत के दौरान उसका पति से झगड़ा हो गया था। आशंका है कि गुस्से में आकर युवती पूनम ने बेटे सहित तालाब में कूद कर आत्महत्या कर ली।

पुलिस अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि युवती और उसके बेटे की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। प्रकरण में मानिक राजपूत व उसके बेटे हरिओम ने पुलिस को बयान देकर घटना के लिए पूनम के पति रंजीत को जिम्मेवार ठहराया है। आरोप लगाया जा रहा है कि युवती को उसके पति द्वारा उकसा कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया।

# भाजपा नेता से अभद्रता पर थाना शाहगंज प्रभारी लाइन हाजिर

**आगरा।** आगरा में पुलिस कमिश्नर डॉ. प्रीतिंदर सिंह ने थाना शाहगंज प्रभारी भानुप्रताप सिंह को आज लाइन हाजिर कर दिया है। मंटोला थाने के प्रभारी आलोक कुमार सिंह को अब शाहगंज का चार्ज दिया गया है। वहीं मंटोला थाना प्रभारी सत्यदेव शर्मा को बनाया गया है। दरअसगल कोठी मीना बाजार में मेला आयोजित हो रहा है। यहां पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर एक युवा भाजपा नेता की ठेकेदार से झड़प हो गई थी। पार्किंग को लेकर हुए विवाद की सूचना पर थाना शाहगंज के प्रभारी भानुप्रताप सिंह मौके पर पहुंचे थे। भाजपा नेता ने थाना प्रभारी से ठेकेदार की शिकायत की तो भाजपा नेता और थाना प्रभारी के बीच हॉट-टॉक हो गई।

भाजपा नेता ने थाना प्रभारी पर अभद्रता करने का आरोप लगाया था। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप था कि उनकी शिकायत सुनने की बजाए थाना प्रभारी उल्टे उन्हीं से अभद्रता कर रहे हैं। भाजपा नेता इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर से की तो उन्होंने इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया। थाना शाहगंज पिछले कुछ दिनों से इस्पेक्टरों की तैनाती चर्चाओं में है।

## शार्ट न्यूज

### अगस्त में 1.59 लाख करोड़ का जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष अगस्त में 1.59 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष अगस्त में संग्रहित जीएसटी 143612 करोड़ रुपये की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जुलाई में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। इस वर्ष अप्रैल में रिकार्ड 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व संग्रहित हुआ था जो अब तक का सर्वाधिक राजस्व था। इससे पहले पिछले वर्ष अप्रैल में यह राशि 167540 करोड़ रुपये रहा था। पिछले 17 महीने से जीएसटी राजस्व संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक बना हुआ है। मार्च 2023 में यह 160122 करोड़ रुपये रहा था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां जीएसटी राजस्व संग्रह का आंकड़ा जारी किया जिसमें अगस्त 2023 में संग्रहित राजस्व 159069 करोड़ रुपये रहा है। इस वर्ष जुलाई में संग्रहित राजस्व में सीजीएसटी 28328 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 35794 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 83251 करोड़ रुपये रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 43350 करोड़ रुपये शामिल है। उपकर संग्रह 11695 करोड़ रुपये रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 1016 करोड़ रुपये शामिल है। सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 37581 करोड़ रुपये और एसजीएसटी में 31408 करोड़ रुपये दिये है।

### दो हजार के 93 प्रतिशत नोट वापस आये

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दो हजार रुपये के नोट के चलन से वापस लिये लाने के बाद अब तक 93 प्रतिशत नोट लोगों ने जमा करा दिये हैं जबकि सात प्रतिशत नोट अभी भी जाम कराये जाने हैं। केन्द्रीय बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा गया है कि 31 अगस्त, 2023 तक प्रचलन से 2000 रुपये के 93 प्रतिशत बैंक नोट अर्थात 3.32 लाख करोड़ रुपये वापस आये जबकि 0.24 लाख करोड़ रुपये के बैंक नोट प्रचलन में अभी भी है। 19 मई 2023 तक 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट प्रचलन में थे। रिज़र्व बैंक ने 19 मई, 2023 को 2000 के बैंक नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी। प्रचलन में 2000 के बैंक नोटों का कुल मूल्य, जो 31 मार्च को 3.62 लाख करोड़ था। 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2023 घटकर 3.56 लाख करोड़ रह गया था। प्रमुख बैंकों से एकत्र किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि प्रचलन से वापस प्राप्त 2000 रुपये मूल्यवर्ग के कुल बैंकनोटों में से लगभग 87 प्रतिशत जमा के रूप में हैं और शेष लगभग 13 प्रतिशत को अन्य मूल्यवर्ग के बैंकनोटों में बदल दिया गया है। केन्द्रीय बैंक ने लोगों ने मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों को जमा करने या बदलने के लिए 30 सितंबर, 2023 तक की शेष अवधि का उपयोग करने की अपील की है।

### जूपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल का आईपीओ जल्द

**नयी दिल्ली।** मुंबई महानगर क्षेत्र और पश्चिम भारत में अस्पतालों के नेटवर्क का संचालन करने वाली कंपनी जूपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स लिमिटेड का पूंजी बाजार से 500 करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाने के उद्देश्य से लाया जा रहा प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) छह सितंबर को खुलेगा। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ अजय पी ठक्कर ने आज वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि आठ सितंबर को बंद होने वाले आईपीओ का मूल्य दायरा 695 रुपये से लेकर 735 रुपये तय किया गया है। इसका अंकित मूल्य 10 रुपये है। न्यूनतम 20 शेयरों के लिए आवेदन करना होगा और इसी गुणांक में आगे भी शेयर जारी किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि आईपीओ के लिए नये शेयर जारी किये जायेंगे। प्रवर्तक अपनी हिस्सेदारी नहीं बेच रहे हैं। कुल मिलाकर 44.5 लाख शेयर बाजारी किये जायेंगे। उनकी कंपनी मुंबई महानगर क्षेत्र और पश्चिम भारत में 1194 बेड के तीन अस्पतालों का संचालन करती है।

### एनपीएस और एपीवाई के सदस्यों की संख्या 6.62 करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने के साथ ही इसके सदस्यों की संख्या भी 6.62 करोड़ के पार हो गयी है। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट आर्थिरिटी (पीएफआरडीए) की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार केंद्र सरकार में 01 जनवरी 2004 को या उसके बाद शामिल होने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों (सशस्त्र बलों को छोड़कर) के लिए एनपीएस लागू किया गया है। अधिकांश राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों ने अपने नए कर्मचारियों के लिए एनपीएस को भी अधिसूचित किया है। एनपीएस 01 मई 2009 से प्रत्येक भारतीय नागरिक को स्वैच्छिक आधार पर उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा, 1 जून 2015 से, अटल पेंशन योजना शुरू की गई है, जिसने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को बहुत आवश्यक प्रोत्साहन दिया है।

### भारत-ब्रिटेन व्यापार वार्ता का 13वां दौर इसी माह

**नयी दिल्ली।** भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए 13वें दौर की वार्ता इस माह होगी। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में दी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बारहवें दौर की बातचीत 8-31 अगस्त, 2023 तक मिले जुले तरीके से हुई जिसमें प्रतिनिधिमंडलों के बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग और साक्षात बैठकों का आयोजन किया गया। ब्रिटेन के कुछ अधिकारी बातचीत के लिए नयी दिल्ली आए और बाकी ने वहां से वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से चर्चा में भाग लिया। भारत ने गत 24-25 अगस्त जयपुर में जी 20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी की। उस बैठक के लिए ब्रिटेन की व्यापार राज्य मंत्री केमी बडेनोच भारत आयी थीं। उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल से मुलाकात की थी तथा एफटीए वार्ता की प्रगति की समीक्षा की थी। विज्ञप्ति के अनुसार सुश्री बडेनोच ने एफटीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सहमति व्यक्त की। वार्ता के अगले दौर की तिथि अभी घोषित नहीं की गयी है।

### वुमलुनमंग नागरिक उड्डयन मंत्रालय के नये सचिव

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी वुमलुनमंग वुअलनाम ने शुक्रवार को यहां केंद्र में नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) के सचिव का पदभार ग्रहण किया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार वुअलनाम ने राजीव बंसल का स्थान लिया है जो 31 अगस्त, 2023 को सेवानिवृत्त हुए। वुलनाम मणिपुर कैडर से 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय में अपर सचिव, गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव और वित्त एवं कंपनी कार्य मंत्रालय के उप-सचिव सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। वह मणिपुर सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में आयुक्त और परिवहन निदेशक सहित कई प्रमुख पदों पर भी कार्य कर चुके हैं और कुछ समय तक विश्वबैंक में कार्यकारी निदेशक के सलाहकार का पदभार भी संभाला है।

### विस्तारा और एयर इंडिया का होगा एकीकरण, सीसीआई ने दी अनुमति

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने विस्तारा एयरलाइन के एयर इंडिया में विलय की अनुमति दे दी है। Tata SIA Airlines भारत में विस्तारा नाम की विमान सेवा का संचालन करती है। यह टाटा संस और सिंगापुर एलरलाइन का संयुक्त उद्यम है। इसके साथ ही सीसीआई ने सिंगापुर एयरलाइन द्वारा एयर इंडिया में कुछ शेयरों की खरीद को भी मंजूरी दे दी है। हालांकि इसके लिए सिंगापुर एयरलाइन को कुछ शर्तों का पालन करना होगा। Tata SIA Airlines भारत में विस्तारा नाम की विमान सेवा का संचालन करती है। इस कंपनी का गठन नवंबर 2013 को किया गया था। विस्तारा एयरलाइन ने अपने कमर्शियल ऑपरेशन की शुरुआत वर्ष 2015 के जनवरी से की थी। कंपनी के पास 50 हवाई जहाज की फ्लीट हैं। हालांकि इस बातचीत के बारे में एयर इंडिया की ओर से अब तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

# शेयर बाजार ने लगाई छलांग

## निफ्टी की 44 कंपनियों में तेजी जबकि शेष सात में गिरावट रही

मुंबई। विश्व बाजार के मजबूत रुझान के बीच चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर, अनुमान से अधिक मजबूत रहने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार में करीब एक प्रतिशत की तेजी रही।




बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 555.75 अंक अर्थात 0.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65,387.16 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 181.50 अंक यानी 0.94 प्रतिशत उछलकर 19,435.30 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.75 प्रतिशत की तेजी लेकर 31,435.62 अंक और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत मजबूत होकर 37,420.53 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3786 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2184 में लिवाली जबकि 1479 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियों में तेजी जबकि शेष सात में गिरावट रही।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश का जीडीपी आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहा, जो पिछली चार तिमाहियों में उच्चतम है और रिजर्व बैंक के अनुमान से अधिक है।

इससे उत्साहित निवेशकों को लिवाली की बदौलत बीएसई में केवल हेल्थकेयर की 0.60 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 20 समूहों में तेजी रही। इस दौरान धातु 3.32, यूटिलिटीज 3.09, दूरसंचार 2.73, पावर 2.73, कमोडिटीज 1.57, सीडी 0.95, ऊर्जा 1.48, एफएमसीजी 0.27, वित्तीय सेवाएं 0.84, इंडस्ट्रियल्स 0.57, आईटी 1.02, ऑटो 1.58, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 0.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.25, तेल एवं गैस 1.85, रियल्टी 0.96, टेक 0.99 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.06, जापान का निक्केई 0.28 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 प्रतिशत मजबूत रहा।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक की बढ़त लेकर 64,855.51 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 64,818.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया। वहीं इस दौरान हुई लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 65,473.27 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 64,831.41 अंक के मुकाबले 0.86 प्रतिशत चढ़कर 65,387.16 अंक पर रहा।

वहीं, निफ्टी चार अंक बढ़कर 19,258.15 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,255.70 अंक के निचले जबकि 19,458.55 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,253.80 अंक की तुलना में 0.94 प्रतिशत मजबूत होकर 19,435.30 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 26 दिग्गज कंपनियों में एनटीपीसी ने सबसे अधिक 4.84 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही जेएसडब्ल्यूएस स्टील 3.37, टाटा स्टील 3.33, मारुति 3.24, पावर ग्रिड 3.07, इंडसइंड बैंक 2.95, बजाज फाइनेंस 2.12, टेक महिंद्रा 2.11, विप्रो 1.85, टाटा मोटर्स 1.68, एसबीआई 1.50, आईसीआईसीआई बैंक 1.13, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.98, टीसीएस 0.66, रिलायंस 0.26, एचडीएफसी बैंक 0.18 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 0.03 प्रतिशत मजबूत रहे।

वहीं, अल्ट्रा सिमको 0.50, सन फार्मा 0.34, नेस्ले इंडिया 0.26 और एलटी के शेयर 0.17 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

### जमीन धोखाधड़ी मामले में ईडी ने की बड़ी कार्रवाई

## 161 करोड़ से अधिक के तीन भूखंड कुर्क किए गए

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में जमीन हड़पने और धोखाधड़ी के एक मामले से जुड़े धनशोधन जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने इस मामले में रांची में 161 करोड़ रुपये से अधिक के तीन भूखंड कुर्क किए हैं।

ईडी ने शुक्रवार को कहा कि एजेंसी ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष मामले में एक नया आरोप पत्र भी दायर किया। इस मामले में पहली अभियोजन शिकायत 12 जून को दायर की गई थी।

संघीय एजेंसी ने इस मामले में पूछताछ के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दो बार बुलाया, लेकिन वह पेश नहीं हुए हैं। बताया गया है कि उन्होंने ईडी की कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। समझा जाता है कि सोरेन को अगले सप्ताह पेश होने के लिए नया समन जारी किया गया है।

ईडी ने एक बयान में कहा, रांची में चेशायर होम रोड, पुगरू और सिरम में 161.64 करोड़ रुपये के वाणिज्यिक मूल्य के तीन भूखंडों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से अटैच किया गया है।

इन भूखंडों में भूमि राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से भू-माफिया के पक्ष में धोखाधड़ी से बदलाव किया गया। यह इस मामले में जारी किया गया दूसरा कुर्की आदेश है। इसके साथ ही मामले में 236 करोड़ रुपये की संपत्तियों को कुर्क किया जा चुका है।

एजेंसी ने इस मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी छवि रंजन भी शामिल हैं। रंजन पूर्व में राज्य समाज कल्याण विभाग के निदेशक और रांची के उपायुक्त रह चुके हैं।

## अगस्त में यूपीआई से 10.58 अरब रुपये का लेन-देन

मुंबई। इस बार अगस्त माह में मोबाइल ऐप यूपीआई ( यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस) के माध्यम से

साढ़े 10 अरब रुपये से भी अधिक लेन-देन किए गये जो एक साल पहले इसी माह की तुलना में 61 प्रतिशत अधिक है। यह देश में डिजिटल भुगतान की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है।




नेशनल पेमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया नेटवर्क 'एक्स' पर लिखा,

अगस्त2023 में 10 अरब से अधिक लेनदेन! आप अपने मोबाइल से यूपीआई के साथ तत्काल निर्बाध भुगतान करें।

एनपीसीआई ने बताया कि अगस्त 2023 में यूपीआई से 10.58 अरब की संख्या में भुगतान किए गए जिनका मूल्य 15.76 लाख करोड़ रुपये रहा।

भुगतान राशि के हिसाब से यूपीआई भुगतान में एक साल पहले की तुलना में 47 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

यूपीआई ऐप से जुलाई, 23 में कुल 15.34 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 9.96 अरब भुगतान किए गए थे। जून में सौदों का आंकड़ा 9.34 अरब और भुगतान राशि 14.75 लाख करोड़ रुपये थी।

वर्ल्डलाइन इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हेड-स्ट्रेटेजी, इनोवेशन एंड एनालिटिक्स सुनील रोंगला ने कहा, यूपीआई डेटा डेटा से पता चलता है कि यूपीआई पर पी2एम लेनदेन साल-दर-साल आधार पर 100 प्रतिशत से अधिक की गति से बढ़ रहा है और पी2पी लेनदेन की तुलना में इसकी हिस्सेदारी अधिक है। समय के साथ, पी2एम लेनदेन से यूपीआई लेनदेन में वृद्धि होगी और यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी, अगर 18-24 महीनों में यूपीआई लेनदेन प्रति माह 20 अरब तक पहुंच जाए।

## विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 53.8 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 527.3 अरब डॉलर पर आ गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 53 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

## ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम , कॉर्निंग इंटरनेशनल का कवर-ग्लास-पार्ट्स का संयुक्त उद्यम

नई दिल्ली। दूरसंचार, प्रौद्योगिकी एवं विनिर्माण क्षेत्रों में करीब तीन दशक से अधिक समय से काम कर रही भारतीय कंपनी ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड ने कॉर्निंग इंटरनेशनल कॉरपोरेशन के साथ देश में एक साझा उद्यम शुरू करने की शुक्रवार को घोषणा की । दोनों मिल कर मोबाइल इलेक्ट्रानिक उपकरणों के लिए कवर-ग्लास के हिस्से-पुर्जे बनाएंगी।



आप्टिमस ग्रुप की ओर से शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा है कि उपभोक्ताओं मोबाइल कंज्यूमर - इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के लिए ग्लास एवं ग्लास सेरामिक सामग्री बनाने वाली विश्व की अग्रणी कंपनी कॉर्निक इंटरनेशनल के साथ उसका यह संयुक्त उद्यम व्यक्तिगत मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण बनाने वाली इकाइयों उद्योग के लिए उच्च गुणवत्ता के तैयार कवर ग्लास पार्ट्स का निर्माण करेगा।

कंपनी का कहना है कि उनकी इस भागीदारी से भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारितंत्र का विस्तार करने में मदद करेगा।

विज्ञप्ति के अनुसार इस संयुक्त उद्यम के तहत इन कंपनियों का रणनीतिक लक्ष्य भारत में एक विश्वस्तरीय विनिर्माण इकाई स्थापित करना है जो अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं से लैस होगी। इस गठबंधन से मोबाइल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य कवर ग्लास एप्लीकेशंस में उपयोग के लिए तैयार कवर ग्लास पार्ट्स का देश में ही विनिर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा जिससे अगली पीढ़ी के मोबाइल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जरूरतों पूरी की जा सकेंगी।

ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड के चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता ने कहा, इस देश में बढ़ते विनिर्माण पारितंत्र में सक्रियता के साथ योगदान करना हमारे लिए गर्व का विषय है। इस संयुक्त उद्यम मेक इन इंडिया कार्यक्रम और आत्मनिर्भर भारत के सरकार सपने के अनुरूप है, हम वैश्विक और स्थानीय ब्रांडों के लिए विश्व स्तरीय उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा, हमारा इरादा अगले पांच वर्षों में मोबाइल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में उपयोग के लिए फिनिश्ड कवर ग्लास पार्ट्स का विनिर्माण करने वाली शीर्ष कंपनियों में से एक बनकर उभरना है। नवप्रवर्तन, डिजाइन एवं विनिर्माण में हमारी सामूहिक विशेषज्ञता से इन ब्रांडों के लिए समग्र समाधान उपलब्ध होगा।

## वेदांता कंपनी ने पर्यावरण नियमों को कमजोर करने के लिए की लॉबिंग

**नई दिल्ली।** ओसीसीआरपी के निशाने पर अदाणी समूह के बाद अब वेदांता भी आ गई है।




खोजी पत्रकारों के वैश्विक नेटवर्क 'ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में खनन और तेल के कारोबार से जुड़ी कंपनी वेदांता पर ने वैश्विक महामारी के दौरान अहम पर्यावरण नियमों को कमजोर करने के लिए ''गोपनीय ढंग से लॉबिंग'' का आरोप लगाया है।

इससे पहले गुरुवार को ओसीसीआरपी ने अदाणी समूह पर गुपचुप तरीके से अपनी ही कंपनियों के शेयरों में निवेश का आरोप लगाया था। जॉर्ज सोरोस की ओर से वित्तपोषित गैर-लाभकारी संगठन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि भारत सरकार ने सार्वजनिक परामर्श के बिना कुछ परिवर्तनों को मंजूरी दी और उन्हें ''अवैध तरीकों'' से लागू किया गया।

रिपोर्ट में कहा गया, ''एक मामले में, वेदांता ने यह सुनिश्चित करने के लिए दबाव डाला कि खनन कंपनियां नई पर्यावरणीय मंजूरी के बिना 50 प्रतिशत तक अधिक उत्पादन कर सकें।'' ओसीसीआरपी की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वेदांता की तेल व्यवसाय कंपनी, केयर्न इंडिया ने सरकारी नीलामी में हासिल किए गए तेल ब्लॉकों में 'ड्रिलिंग' के लिए सार्वजनिक सुनवाई रद्द करने की भी पैरवी की।

उसके बाद स्थानीय विरोध के बावजूद राजस्थान में केयर्न की छह विवादास्पद तेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

वेदांता के प्रवक्ता ने टिप्पणी के लिए संपर्क किए जाने पर कहा कि समूह टिकाऊ तरीके से घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर आयात कम करने के उद्देश्य से काम करता है।

## मूडीज ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने मजबूत आर्थिक गति के चलते 2023 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर शुक्रवार को 6.7 प्रतिशत कर दिया। मूडीज ने अपने 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' में कहा, '' मजबूत सेवाओं के विस्तार तथा पूंजीगत व्यय ने भारत की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि को प्रेरित किया। इसलिए हमने भारत के लिए अपने 2023 कैलेंडर वर्ष के वृद्धि का अनुमान 5.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है।'' रेटिंग एजेंसी ने कहा कि दूसरी तिमाही का बेहतर प्रदर्शन 2023 में उच्च आधार प्रदान करता है। ''हमने अपना 2024 का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है।''

## एयर इंडिया ने इस साल अप्रैल से 650 पायलट नियुक्त किये

### एयरलाइन के सीईओ ने कही यह बात

नई दिल्ली। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने कहा कि एयर इंडिया समूह की एयरलाइन ने इस साल अप्रैल से अब तक 650 पायलटों को नियुक्त किया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाले एयरलाइन समूह के सीईओ ने कहा कि एयर इंडिया के बड़े बोइंग 777 बेड़े में इस महीने के पहले सप्ताह तक दो बी777 शामिल होंगे। इनमें से एक को पहले ही बेड़े में शामिल किया जा चुका है। इससे एयरलाइन को अमेरिका में सेवाएं और क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### इंडिगो ने दिल्ली और ईटानगर के बीच उड़ान सेवा की घोषणा की

किफायती विमानन कंपनी इंडिगो ने दो अक्टूबर से दिल्ली और ईटानगर के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एयरलाइन नई दिल्ली और अरुणाचल प्रदेश की राजधानी के बीच सप्ताह में चार उड़ानें सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित करेगी।

उड़ान संख्या 6 ई 5927 नई दिल्ली से सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरेगी और दोपहर में ईटानगर के डोनी पोलो हवाई अड्डे पहुंचेगी। वापसी उड़ान दोपहर 12.30 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 3.25 बजे राष्ट्रीय राजधानी पहुंचेगी। एयरलाइन ने इससे पहले 28 नवंबर, 2022 को डोनी पोलो हवाई अड्डे से ईटानगर को मुंबई और कोलकाता से जोड़ने वाली अपनी पहली उड़ान के साथ परिचालन शुरू किया था।

## शक्कर में पूछपरख, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन- दाल मजबूत, चावल यथावत

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख सुधार लिए रही। खाद्य तेलों में सोयाबीन रिफाइंड महंगा बिका। तिलहनों में खरीदी बनी बताई गई। दलहनों में उठाव रहा इससे भाव में तेजी हुई। दाल में भाव सुधार लिए रहे। चना बेसन ऊंचा बोला गया। चावल में कामकाज सामान्य रहा।

### किराना बाजार

शक्कर खरीदी से भाव मजबूती लिए रहे। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा बूरा लिवाली से बढ़त लिए रहा। साबूदाना में खरीदी बताई गई।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेल मांग से तेजी लिए रहे। मूंगफली तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। तिलहनों में उठाव से तेजी मंदी का अभाव रहा।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन ऊंचे रहे। आज मसुर- तुअर में तेजी दर्ज की गई। दालों में उठाव से मजबूती रही। चावल में पूछपरख बनी बताई गई।

### किराना

शक्कर 3900 से 3940 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 113 से 128 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2150 से 3450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7200 से 8100, पैकिंग में 8400 से 8600 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6100 से 6300, सोयाबीन 4800 से 4900 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेलकिराना

शक्कर 3900 से 3940 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 113 से 128 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2150 से 3450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7200 से 8100, पैकिंग में 8400 से 8600 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों निमाड़ी 6100 से 6300, सोयाबीन 4800 से 4900 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1770 से 1790, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 915 से 920, साल्वेंट 875 से 880, पाम तेल 905 से 910 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 6400 से 6500, चना विशाल 6300 से 6350, मसूर 6300 से 6350, तुअर निमाड़ी 9500 से 11000, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11000 से 11500, तुअर (कर्नाटक) 11400 से 11700, मूंग 8800 से 9200, मूंग हल्की 7200 से 8000, उड़द 8500 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

## शार्ट न्यूज

### अलकराज यूएस ओपन के तीसरे दौर में

न्यूयॉर्क। स्पेन के कार्लोस अलकराज ने गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस को 6-3, 6-1, 7-6(4) से हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, वहां रुकना और सीधे सेटों में जीत हासिल करना मेरे लिए अच्छा था। लोगों को टेनिस देखने का आनंद दिलाने के लिए हमने शानदार अंक हासिल किए और मुझे लगता है कि हमने आज यह काफी अच्छा किया। अगले दौर में अल्कराज का मुकाबला ब्रिटेन के डेनियल इवांस से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त बेलारूस की आर्यना सबालेंका भी ब्रिटेन की जोडी बराज पर 74 मिनट में 6-3, 6-2 से हावी रहीं और फ्रांस की क्लारा ब्यूरेल से भिड़ीं जिन्होंने चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-4, 6-2 से हराया। सबालेंका ने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा, मैं रैंकिंग से ज्यादा खुद पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं। मैं अपना ध्यान खुद पर, अपने खेल पर और खुद को बेहतर बनाने पर केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं। मैंने आज एक मिनट के लिए भी अपना ध्यान नहीं खोया।

### मिडिलसेक्स के लिए खेलेंगे जयंत यादव

लंदन। भारत के फिरकी गेंदबाज जयंत यादव मिडिलसेक्स के लिये काउंटी चैंपियनशिप के आखिरी चार मैचों का हिस्सा होंगे। जयंत (33) ने भारत के लिए छह टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया है और 29 की औसत से 16 विकेट चटकाये हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच श्रीलंका के खिलाफ़ मार्च 2022 में खेला था। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी प्रदर्शन 4/49 है, जो उन्होंने दिसंबर 2021 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ मुंबई में किया था। उनका सर्वश्रेष्ठ 2016-17 के इंग्लैंड के भारत दौरे के दौरान आया था, जहां उन्होंने दिल्ली टेस्ट में नौवें नंबर पर बल्लेबाज़ी करते हुए शतक जड़ा था और कप्तान विराट कोहली के साथ 241 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की थी। जयंत ने कहा, मैं मिडिलसेक्स जैसी ऐतिहासिक और सम्मानित काउंटी टीम के साथ जुड़कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पिछले साल भी मैंने काउंटी क्रिकेट का लुत्फ़ उठाया था और अब इस नई पारी के लिए भी उत्साहित हूं। ग़ौरतलब है कि पिछले साल जयंत वॉरविकशायर के लिए खेले थे। हरियाणा की तरफ़ से खेलने वाले जयंत के नाम प्रथम श्रेणी मैचों में 205 विकेट दर्ज हैं।

### 7.99 मी की छलांग के साथ मुरली श्रीशंकर ज्यूरिख डायमंड लीग के फाइनल में

ज्यूरिख। भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ डायमंड लीग 2023 में पांचवा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही 7.99 मीटर की छलांग लगाई। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दूसरे और चौथे राउंड में श्रीशंकर ने 7.96 मीटर की छलांग लगाई जबकि उनका तीसरा प्रयास फाउल रहा। पांचवें राउंड में भारतीय एथलीट ने 7.93 मीटर की दूरी हासिल की। ज्ञातव्य है कि मुरली श्रीशंकर का लॉन्ग जंप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 8.41 मीटर है, जिसे उन्होंने इसी साल 18 जून को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हासिल किया था। ज्यूरिख डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लम्बी कूद में वर्ल्ड चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने अपने अंतिम प्रयास में 8.20 मीटर की छलांग के साथ पहला स्थान हासिल किया। जमैका के ताजय गेल ने दूसरा स्थान हासिल करने के लिए 8.06 मीटर की छलांग लगाई।

### तुर्की का भारोत्तोलक प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का दोषी

जिनेवा। अर्मेनिया में इस साल की यूरोपीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 81 किग्रा में रजत पदक हासिल करने वाले तुर्की के बटुहान युकसेल को प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड ऑक्सीमिथोलोन के सेवन का दोषी माना गया है। अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह निष्कर्ष तुर्की की भारोत्तोलक टीम की पेरिस 2024 की ओलंपिक यात्रा को खतरे में डाल सकता है। यह तीन महीने में तीसरी घटना है जब एक तुर्की भारोत्तोलक को डोपिंग उल्लंघन का सामना करना पड़ा है। तुर्की के अलावा कजाकिस्तान, यूक्रेन और तुर्कमेनिस्तान अन्य देश हैं जिनके भारोत्तोलक पिछले एक साल में डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाये गये हैं। युकसेल (23) का 28 जुलाई को आईटीए द्वारा एक गैर-प्रतिस्पर्धा परीक्षण किया गया था। अप्रैल में, आईटीए ने खुलासा किया कि दो तुर्की एथलीट, हकन कुर्नाज़ और पेलिनसु बायव ने स्टेरॉयड मेथैस्टरोन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया था।


### विश्वनाथन आनंद ने 37 साल बाद गंवाया भारत के शीर्ष खिलाड़ी का ताज

नई दिल्ली। भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने 37 साल बाद अपनी बादशाहत गंवा दी है। अब वह देश के सबसे बेहतरीन रैंकिंग वाले खिलाड़ी नहीं हैं। 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश अब सबसे बेहतरीन रैंकिंग वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं। आनंद ने तीन दशक से अधिक समय के बाद भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी का ताज गंवाया है। आनंद जुलाई 1986 से भारत के शीर्ष खिलाड़ी बने हुए थे। चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश हाल ही में बाकू में फिडे विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार गए थे। हालांकि, वह फाइड रैंकिंग में आनंद से आगे निकलकर विश्व में 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। गुकेश पहली बार फाइड रेटिंग सूची में शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद अब 9वें स्थान पर हैं। एक सितंबर से प्रभावी फाइड रेटिंग के अनुसार, गुकेश की रेटिंग 2758 है जबकि आनंद की रेटिंग 2754 है। गुकेश को एक अगस्त के बाद से रेटिंग सूची में तीन स्थान का फायदा हुआ है।

### एशियाड के लिए ललित उपाध्याय की हॉकी टीम में वापसी, आकाशदीप और कार्ति की छुट्टी

नई दिल्ली। अनुभवी ललित उपाध्याय ने चीन के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की 18 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम में वापसी की लेकिन स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह और कार्ति सेलवम को टीम में जगह नहीं मिली। एशियाई खेलों की टीमों के लिए यहां हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित विदाई समारोह के दौरान टीमों की आधिकारिक घोषणा की गई। हॉकी इंडिया के चयनकर्ताओं ने इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम में शामिल तीन खिलाड़ियों आकाशदीप, कार्ति और रक्षक खिलाड़ी जुगराज सिंह को बाहर का रास्ता दिखाया। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और मिडफील्डर हार्दिक सिंह एशियाई खेलों के लिए क्रमशः कप्तान और उप कप्तान की भूमिका निभाते रहेंगे। टीम में जुगराज की जगह संजय लेंगे, जबकि आकाशदीप और कार्ति की जगह ललित और अभिषेक को टीम में शामिल किया गया है। पुरुषों की 12 टीमों की प्रतियोगिता में भारत को पूल ए में एशियाई खेलों के मौजूदा चैंपियन जापान, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है।

### भारत ने हॉकी में जापान को 35-1 से हराया, सेमीफाइनल में किया प्रवेश



सलालाह। भारत ने पुरुष हॉकी 5 एस विश्वकप क्वालिफायर में जापान को 35-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले मलयेशिया को 7-5 से हराया था। गुरुवार को मिली दो जीत के बाद भारत पूल तालिका में 12 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार को खेले जाएंगे। जापान के खिलाफ मैच में मनिंदर ने दस गोल किए जबकि मोहम्मद रहील ने सात, पवन राजभर और गुरजोत सिंह ने पांच-पांच गोल किए। सुखविंदर ने चार, कप्तान मनदीप मोर ने तीन जबकि जुगराज सिंह ने एक गोल किया। जापान का एकमात्र गोल मसाताका ने किया। इससे पहले मलयेशिया के खिलाफ गुरजोत ने पांच गोल किए जबकि मनिंदर सिंह और मोहम्मद रहील ने एक-एक गोल किया।

# ज्यूरिख डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा ने हासिल किया दूसरा स्थान




**ज्यूरिख।** ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को जैवलिन थ्रो में 85.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ ज्यूरिख डायमंड लीग चैंपियनशिप 2023 में दूसरा स्थान हासिल किया।

चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच ने 85.86 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि जर्मनी के जूलियन वेबर 85.04 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर है, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

इस परिणाम के साथ ही 2023 सीज़न में नीरज चोपड़ा का लगातार जीत हासिल करने का सिलसिला भी समाप्त हो गया। ज्यूरिख प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से पहले, भारतीय भाला फेंक एथलीट ने दोहा और लुसाने में डायमंड लीग चरण में जीत हासिल की थी। इसके अलावा उन्होंने बुडापेस्ट में हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में 80.79 मीटर के थ्रो के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की, लेकिन उनका दूसरा और तीसरा प्रयास फाउल हो गया। पहले राउंड में एडिस माटुसेविसियस के अलावा कोई अन्य भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से अधिक दूरी तय नहीं कर सका, जिन्होंने 81.62 मीटर का थ्रो करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जैकब वाडलेच के अलावा वेबर जूलियन का भी पहला थ्रो फाउल रहा। हालांकि, दूसरे प्रयास में वेबर जूलियन (84.75 मीटर) ने शानदार वापसी की और पहला स्थान हासिल किया। उनके अलावा जैकब वाडलेच (83.46 मीटर) और ओलिवर हेलांडर (81.63 मीटर) ने भी बेहतरीन वापसी की।

तीन प्रयासों के बाद नीरज चोपड़ा 80.79 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे जबकि वेबर जूलियन पहले और जैकब वाडलेच दूसरे स्थान पर रहे। पांचवें प्रयास में फाउल करने से पहले, नीरज चोपड़ा ने चौथे राउंड में ज्यूरिख मीट का सर्वश्रेष्ठ थ्रो (85.22 मीटर) करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। जैकब वाडलेच ने चौथे प्रयास में किए गए 85.86 मीटर की थ्रो की बदौलत पहला स्थान हासिल किया।

### पेरिस ओलंपिक में खिताब बचाने की होगी चुनौती

भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में उन्हे अपने पिछले प्रदर्शन में सुधार कर खिताब बचाने की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा नीरज ने कहा, अगले साल पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक का बचाव करना बड़ी चुनौती होगी। टोक्यो ओलंपिक में पहला खिताब जीतना चुनौती थी और अब इसका बचाव करना इससे भी बड़ी चुनौती होगी। मुझे पता है कि हर देश का एथलीट पूरी तैयारी के साथ आयेगा। इसलिए दवाब बनना तो तय है क्योंकि मुझसे करोड़ो भारतीयों की उम्मीदें बंधी होंगी । उन्होने कहा कि इसके लिये जरूरी है कि मैं खुद को फिट बनाये रखूं और चोटों से बचा रहूं। मेरी कोशिश रहेगी कि मै अपना खिताब बचाने में सफल रहूं और इसके लिए जितनी भी मेहनत करने की जरूरत होगी, मैं करूंगा। '' गौरतलब है कि बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीतने के बाद नीरज ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब दोनों जीतने वाले इतिहास के तीसरे भाला फेंक एथलीट बन गये हैं। उनसे पहले जेलेज्नी और नार्वे के आंद्रियास थोरकिल्डसन ने लगातार ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते थे। जेलेज्नी ने 1992, 1996 और 2000 में ओलंपिक स्वर्ण जबकि 1993, 1995 और 2001 में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते थे जबकि थोरकिल्डसन ने 2008 ओलंपिक और 2009 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते थे।

## भारत को बनानी होगी विशेष योजना : हेडन



**मुबंई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2023 मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों को पड़ोसी मुल्क के हर गेंदबाज के साथ विशेष योजना के साथ मैदान पर उतरना होगा।

स्टार स्पोर्टस के गेम प्लान कार्यक्रम में हेडन ने कहा भारत पाकिस्तान की खतरनाक तिकड़ी शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह के खिलाफ खेलने उतरेगा। मैं आपको बता सकता हूं कि यह सबसे मसालेदार मुकाबलों में से एक होने वाला है। तीन अलग-अलग तरह के और अनोखे गेंदबाजों के लिए टीम इंडिया को अनोखी योजना की जरूरत है। यहां कैंडी की परिस्थितियों में काफी उछाल है, इसलिए आपको विशेष रूप से हारिस रऊफ से बेहद सतर्क रहना होगा। शाहीन की उस गेंद को हम कभी नहीं भूलेंगे जो उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा को फेंकी थी, इसलिए शाहीन अफरीदी के खिलाफ थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। विशेषकर पहले तीन ओवर भारतीय बल्लेबाजी की दिशा तय करेंगे।

उन्होने कहा मुझे लगता है कि भारतीय बल्लेबाज नसीम जैसे खिलाड़ी के खिलाफ आक्रामक खेल में सफल हो सकते हैं।

## रोहन बोपन्ना-अल्डिला सुत्जियादी की जोड़ी यूएस ओपन के दूसरे दौर में

**न्यूयार्क।** भारत के टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंडोनेशियाई की अल्डिला सुत्जियादी की मिश्रित जोड़ी ने शुक्रवार को यूएस ओपन 2023 में अपने शुरुआती राउंड में जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में प्रवेश किया।

रोहन बोपन्ना और अल्डिला सुत्जियादी की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने न्यूयॉर्क के यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में जर्मनी के एंड्रियास मिज़ और रूसी खिलाड़ी वेरा ज्वोनारेवा पर 7-5, 6-2 से जीत दर्ज कर दूसरे राउंड में प्रवेश किए। हले सेट में करीबी मुक़ाबला खेलने के बाद बोपन्ना और अल्डिला की जोड़ी ने निर्णायक ब्रेक प्वाइंट जीत कर पहले सेट को अपने नाम कर लिया।

दूससे सेट में भारतीय-इंडोनेशियाई जोड़ी ने 3-0 की बढ़त के साथ दूसरे सेट की शुरुआत की। इस सेट में भी बोपन्ना और अल्डिला की जोड़ी ने लगातार विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा और 67 मिनट तक चले मैच को सीधे सेटों से जीत कर प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में पहुंच गए।

रोहन बोपन्ना ने 2018 के एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अल्डिला सुत्जियादी के साथ पहली बार जोड़ी बनाई है। 28 वर्षीय अल्दिला ने फ्रेंच ओपन और विंबलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैथ्यू ऐबडेन ने भी गुरुवार को पुरुष युगल के दूसरे राउंड में जगह बना ली है।

विंबलडन 2023 के सेमीफाइनल में पहुंची इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का शुक्रवार को दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन और एंड्री गोलुबेव की रूसी-कजाख जोड़ी से मुक़ाबला होगा।




यूएस ओपन पुरुष युगल ड्रॉ में, भारत के युकी भांबरी और उनके ब्राजीलियाई साथी मार्सेलो डेमोलिनर को पहले राउंड में नौवीं वरीयता प्राप्त पोलिश जोड़ी जान ज़िलेंस्की और ह्यूगो निस से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले भारत के साकेत माइनेनी और उनके रूसी साथी असलान करातसेव को भी पुरुष युगल के पहले राउंड में हार का सामना करना पड़ा था और यूएस ओपन 2023 से बाहर हो गए थे।

# यूक्रेन के 4 क्षेत्रों में चुनाव करवा रहा रूस

## जेलेंस्की ने कहा था- अमेरिका पैसा दे तो जंग के बीच भी यूक्रेन में इलेक्शन मुमकिन

रूस यूक्रेन में मौजूद अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में अब चुनाव करा रहा है। इसके जरिए वो इन क्षेत्रों में अपनी अथॉरिटी को और मजबूत करना चाहता है। ये चुनाव यूक्रेन के 4 क्षेत्रों में हो रहे हैं। इनमें डोनेट्स्क, लुहांस्क, जपोरीजिया और खेरसॉन शामिल हैं। हालांकि, इन चारों में से किसी भी शहर पर रूस का पूरा कब्जा नहीं है। रॉयटर्स के मुताबिक, रूस इन्हें अपनी नई टेरेटरी बताता है। दूसरी तरफ कुछ दिन पहले जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन में जंग के बीच भी राष्ट्रपति चुनाव करवाए जा सकते हैं अगर पश्चिमी देश इसके लिए पैसे दें और लोग वोट डालने के लिए तैयार हों। दरअसल, यूक्रेन में अगले साल चुनाव होने हैं, लेकिन यूक्रेन में फिलहाल मार्शियल लॉ लगा हुआ है। जेलेंस्की ने कहा- जो लोग रूस के खिलाफ लड़ रहे हैं, उनका इस चुनाव में शामिल होना बेहद जरूरी है। वो ही हमारे देश की रक्षा कर रहे हैं। इसी वजह से देश में अब तक चुनाव टाले गए हैं।




### यूक्रेन के 20 प्रतिशत इलाके पर रूस का कब्जा

क्रीमिया के साथ इन शहरों में रूसी कब्जे वाले इलाकों को मिलाकर यूक्रेन के करीब 20 प्रतिशत यानी 1/5th हिस्से पर रूस का कब्जा है। यूक्रेन के अधिकारियों ने इन चुनावों का विरोध करके इसे अवैध बताया है। उन्होंने कहा- ये इस बात का सीधा सबूत है कि रूस के साथ शांति के लिए बातचीत करना नामुमकिन क्यों है। जब तक रूस अपनी सेना को हमारे क्षेत्रों से नहीं हटाती है, तब तक कोई भी बातचीत नहीं हो सकती। इन चारों क्षेत्रों में मॉस्को की तरफ से अपॉइंट किए गए गवर्नर्स पर चुनाव की जिम्मेदारी है। इलेक्शन 10 सितंबर को पूरे होंगे। ये सभी गवर्नर पुतिन के समर्थन से चुने गए हैं, जो हाल ही में क्रेमलिन के यूनाइटेड रशिया गुट में जुड़े हैं। इनके खिलाफ ज्यादा विरोध भी दर्ज नहीं हुआ है। रॉयटर्स के मुताबिक, गुरुवार को डोनेट्स्क में पोलिंग बूथ लगाए गए, जिसके बाद कुछ लोग वोट डालने भी पहुंचे।

### जपोरीजिया-डोनेट्स्क में वोटिंग शुरू

इन लोगों के पास रूस की तरफ से बांटे गए नए पासपोर्ट थे। इसके अलावा जपोरीजिया में भी गुरुवार को वोटिंग शुरू हो गई। जपोरीजिया में मौजूद रूसी गवर्नर येवगेनी बैलिट्स्की ने कहा- हमें पूरा भरोसा है कि यूनाइटेड रशिया को जनता का साथ मिलेगा। रॉयटर्स के मुताबिक, जपोरीजिया के 80 प्रतिशत हिस्से पर रूस का कब्जा है। रूसी अधिकारियों ने बताया कि चारों क्षेत्रों में रह रहे वोटर्स की सुरक्षा के लिए वोटिंग कई दिनों तक चलना जरूरी है। क्रेमलिन के कंट्रोल वाली एक पोल वेबसाइट ने अगस्त की शुरुआत में बताया था किइन 4 शहरों में 80 प्रतिशत क्षेत्र पर रूस का कब्जा है। रूसी न्यूज साइट आईस्टोरीज ने बताया कि खेरसॉन और जपोरीजिया में जो उम्मीदवार खड़े हुए हैं, उसमें से रूस समर्थित 50त्न कैंडिडेट लोकल हैं।

### पिछले साल रूस ने चारों क्षेत्र को अपने हिस्से में मिलाया

इससे पहले पिछले साल रूस ने डोनेट्स्क, लुहांस्क, जपोरीजिया और खेरसॉन को अपने इलाके में शामिल कर लिया था। क्रेमलिन में एक खास समारोह में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने इन चारों राज्यों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में समझौते पर दस्तखत किए थे। पुतिन ने कहा था- इन चारों क्षेत्रों के अधिकतम लोगों ने रूस के हक में वोट दिया। यह रूस के करोड़ों लोगों का सपना था।

## भारत के पूर्व सेना प्रमुखों की ताइवान विजिट

8 अगस्त को भारतीय सेना के 3 पूर्व सैन्य अधिकारियों ने ताइवान का दौरा किया था। इस पर चीन ने गुरुवार को कड़ी आपत्ति जाहिर की है। दरअसल, एक पाकिस्तानी पत्रकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन से इस मामले पर सवाल पूछा। इसके जवाब में वेनबिन ने कहा कि हम ताइवान के साथ किसी भी ऑफिशियल बातचीत का विरोध करते हैं। वेनबिन ने कहा- ताइवान को लेकर हमेशा से हमारी यही पॉजिशन रही है। हमें उम्मीद है कि भारत भी एक-चीन वाले सिद्धांत को मानेगा और ताइवान से किसी भी तरह का मिलिट्री और सिक्योरिटी सहयोग बढ़ाने से दूर रहेगा।

द इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व एडमिरल करमबिर सिंह, जनरल एमएम नरवणे और पूर्व चीफ ऑफ एयर स्टाफ क्र्यस्र भदौरिया ने ताइवान का दौरा किया था। ये ताइवान




में हुए इंडो-पैसिफिक सिक्योरिटी डायलॉग में शामिल हुए थे।

### ताइवान को लेकर क्या रहा है भारत का स्टैंड

सीनियर जर्नलिस्ट पलकी शर्मा के मुताबिक दिसम्बर 1949 में भारत चीन को मान्यता देने वाले पहले एशियाई देशों में से एक रहा। इसके बाद 45 सालों तक भारत और ताइवान के बीच कोई औपचारिक सम्पर्क नहीं रहा। दोनों देशों के बीच गतिरोध की स्थिति बनी रही। ताईवान का रवैया भी भारत को लेकर बहुत पॉजिटिव नहीं था।

ताइवान अपनी वन-चाइना नीति पर अड़ा रहा, जिसमें ताइपे सत्ता का केंद्र था। तिब्बत और मैकमोहन लाइन पर उसकी पोजिशन ठीक वही थी, जो चीन की थी। उसके अमेरिका से गहरे सम्बंध थे, लेकिन भारत जैसे देशों में उसकी अधिक रुचि नहीं थी। लेकिन, 1990 के दशक में भारत की विदेश नीति बदली।

उसने लुक-ईस्ट नीति अपनाई, जिसके चलते ताइवान से रिश्ते बढ़ाने की कोशिश की और ताइवान ने भी अच्छी प्रतिक्रिया दी। 1995 में अनधिकृत दूतावासों की स्थापना की गई। 21वीं सदी की शुरुआत तक भारत के चीन से सम्बंध अपने सबसे अच्छे दौर में प्रवेश कर चुके थे।

प्रधानमंत्री वाजपेयी चीन की सफल यात्रा करके लौटे थे। भारत की प्राथमिकताएं एक बार फिर ताइवान से दूर खिसक गईं।

## जापान के मिनमाटा पीड़ितों ने अपशिष्ट जल को समुद्र में न छोड़ने का आह्वान किया

**टोक्यो।** जापान में मिनामाटा रोग पीड़ितों ने सरकार से फुकुशिमा से परमाणु-दूषित अपशिष्ट जल को समुद्र में छोड़ने पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कुमामोटो और निगाटा के जापानी प्रान्तों के मिनामाटा रोग पीड़ित समूहों ने गुरुवार को फुकुशिना दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र से परमाणु-दूषित अपशिष्ट जल के समुद्र में छोड़े जाने से उत्पन्न संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की अनदेखी के खिलाफ चेतावनी दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी क्योडो के अनुसार, ये टिप्पणियां कुमामोटो के मिनामाटा शहर में गुरुवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में की गईं, जहां समूह के सदस्यों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए।

### परवेज इलाही को रिहा करे एनएबी : एलएचबी

लाहौर। पाकिस्तान में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जवाबहोदी ब्यूरो को पाकिस्तान तहरीक ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष परवेज इलाही को रिहा करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश अमजद रफीक ने इलाही की ओर से एनएबी द्वारा तथित भ्रष्टाचार के मामले में खुद को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। न्यायाधीश ने अपना फैसला सुनाते हुए अधिकारियों को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री इलाही को किसी अन्य मामले में भी गिरफ्तार करने पर रोक लगा दी। इलाही उन कई पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं में शामिल हैं, जिन्हें इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर में अर्धसैनिक बल के जवानों द्वारा पार्टी प्रमुख इमरान खान को ले जाने का विरोध प्रदर्शन के दौरान नौ मई को हुए दंगों के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पहली बार 01 जून को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें भ्रष्टाचार के कई मामलों में घसीटा गया। पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार पीटीआई अध्यक्ष की सबसे हालिया गिरफ्तारी एनएबी द्वारा 14 अगस्त को, गुजरात राजमार्ग इकाई की सड़क योजनाओं के ठेके पसंदीदा/चयनित ठेकेदारों को देने के बदले में कथित तौर पर रिश्वत/रिश्वत प्राप्त करने के मामले में थी। इलाही ने रिहाई के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, ये सभी अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने के बाद लंदन भाग गए हैं।

### जार्जिया में नतीजों को पलटने के मामले में मैं दोषी नही

वॉशिंगटन । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जॉर्जिया प्रांत में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में नतीजों को पलटने के मामले में वह दोषी नहीं है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप ने बुधवार को अदालत में दायर याचिका में यह बात कही। ट्रंप चुनाव में धोखाधड़ी सहित 13 अन्य मामलों का सामना कर रहे हैं। ट्रम्प (77) ने पिछले सप्ताह अटलांटा में फुल्टन काउंटी जेल में आत्मसमर्पण कर दिया था और वह पहले ऐसे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं जिनकी तस्वीर कैदियों की भांति (मुगशॉट) ली गयी है। ट्रंप को दो लाख डॉलर के बांड पर रिहा किया गया और कैदी संख्या पीओ1135809 दी गई। जॉर्जिया में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने के प्रयासों को लेकर ट्रम्प और 18 अन्य को 14 अगस्त को दोषी ठहराया गया था। ट्रम्प अपने मामले को सह-प्रतिवादियों से अलग करने के लिए कह रहे हैं, जिन्होंने त्वरित सुनवाई की मांग की है, इसमें ट्रम्प अभियान के वकील केनेथ चेसेब्रो भी शामिल हैं जो कि अक्टूबर में जूरी के सामने पेश होंगे। ट्रम्प की गिरफ़्तारी मिल्वौकी, विस्कॉन्सिन में एक टेलीविज़न बहस को ठुकराने के एक दिन बाद हुई, जिसमें 2024 के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए उनके आठ प्रतिद्वंद्वी शामिल थे ।सभी चुनाव में उनसे काफी पीछे थे।

### नोमुरा ने एनपीपी से जारी पानी को 'दूषित' बताने को लेकर मांगी माफी

टोक्यो। जापान के कृषि मंत्री टेतसुरो नोमुरा ने शुक्रवार को देश में गंभीर प्रतिक्रिया के बीच क्षतिग्रस्त फुकुशिमा परमाणु बिजली घर (एनपीपी) से निकलने वाले पानी को 'दूषित' बताने के लिए माफी मांगी है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ गुरुवार को एक बैठक के बाद, नोमुरा ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने 'दूषित पानी' के आकलन पर विचारों का गहन आदान-प्रदान किया। उनकी टिप्पणी से जापान के विपक्ष में नाराजगी फैल गई। किशिदा ने कहा कि मंत्री ने गलती से इस शब्द का इस्तेमाल किया, लेकिन फिर भी उन्होंने नोमुरा से 'माफी मांगने और अपने शब्द वापस लेने का आग्रह किया।' जिसके बाद, नोमुरा ने संवाददाताओं से कहा, मैं फुकुशिमा के सभी लोगों से उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगता हूं और 'शोधित पानी' को 'दूषित' बताने वाली टिप्पणी को वापस लेता हूं। गौरतलब है कि जापान ने 24 अगस्त को फुकुशिमा एनपीपी से 'शोधित जल' को प्रशांत महासागर में फेंकना शुरू कर दिया है। फुकुशिमा एनपीपी से प्रशांत सागर में पानी छोड़ने को लेकर चीन सहित अन्य देशों ने कड़ा विरोध जताया और इस पानी को 'दूषित' कहा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### इंदौर में पुलिस कमिश्नर व कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियां व्यापक स्तर पर जारी है। पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर और जिला निर्वाचन अधिकारी तथा कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा निर्वाचन के लिये बनाये जा रहे मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार दो अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को उपलब्ध कराने वाली सुविधाएं और अन्य व्यवस्थाओं की उपलब्धता देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय मापदण्डों के अनुसार मतदान केन्द्र बनाये जाना सुनिश्चित किया जाये। मतदान केन्द्रों में किसी भी तरह की कमी नहीं रहे। मतदाताओं के लिये वे सभी जरूरी सुविधाएं रहे जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई है। देऊस्कर और कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी सबसे पहले रेसीडेंसी के सामने स्थित सीपीडब्ल्युडी कार्यालय में बनाये जाने वाले मतदान केन्द्र के निरीक्षण के लिये पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय के मतदान केन्द्र, मूसाखेड़ी स्कूल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मूसाखेड़ी स्थित परिसर, शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन, पिपलियाहाना, अग्रवाल पब्लिक स्कूल, आरआई ट्रेनिग सेंटर, कर्नाटका विद्या निकेतन, खजराना स्कूल सहित अन्य जगहों पर स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एमएमएफ-सुनिश्चित न्यूहनतम सुविधाएं के संबंध में चर्चा की।

### इमरान हुसैन ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर गालिब की हवेली का किया दौरा

नयी दिल्ली। दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को 'गालिब की हवेली' का दौरा किया। हुसैन ने कहा कि दिल्ली सरकार जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली आने वाले दुनिया भर के प्रतिनिधियों को अविस्मरणीय और यादगार अनुभव देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि बल्लीमारान में मिर्ज़ा ग़ालिब की हवेली को उसके मूल स्वरुप में संरक्षित किया गया है और इस संग्रहालय में ग़ालिब के जीवन के विभिन्न पहलुओं और उनके उल्लेखनीय कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। मिर्जा गालिब भारत के लोगों के दिलों में बसते हैं और भारत ही नहीं, दुनिया भर के लोग भी इस महान शायर को जानना और समझना चाहते हैं। श्री हुसैन ने कहा कि दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दुनिया भर के प्रतिनिधि और पर्यटक पुरानी दिल्ली की समृद्ध विरासत का अनुभव लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को ग़ालिब की हवेली और आसपास के क्षेत्र में आकर्षक लाइटिंग के साथ ही हवेली और आस पास के इलाक़े को तिरंगे के रंग में रौशन करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारीयों से पुराने फ्लेक्स के स्थान पर नए आकर्षक फ्लेक्स लगाने के भी निर्देश दिए। हुसैन ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पंखों की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया और अधिकारियों से प्रतिनिधियों की यात्रा के दौरान प्रभावी भीड़ प्रबंधन और सामाजिक दूरी के मानदंडों को बनाए रखने के लिए भी काम करने का भी निर्देश दिया।

### 'मेरी माटी मेरा देश' देश को महाने बनाने की प्रक्रिया से जुड़ने का अवसर: शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि 'मेरी माटी- मेरा देश' मात्र एक कार्यक्रम नहीं बल्कि ये नागरिकों के लिए अपने आपको देश के भविष्य के साथ जोड़ने तथा देश को महान बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनने का माध्यम है। शाह ने आज यहां 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी और संस्कृति मंत्रालय के सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, ये कार्यक्रम अपने आप को देश को महान बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनाने का एक माध्यम बन सकता है और 25 सालों बाद जब यहां उपस्थित बच्चे महान भारत का नेतृत्व करेंगे, तब उनके मन में ये संतोष होगा कि हमारी पिछली पीढ़ी ने हमें एक बहुत मजबूत भारत बनाकर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एक प्रकार से संध्या की भांति है क्योंकि ये उस वक्त हो रहा है जब आज़ादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आने वाला अमृतकाल और संकल्प की सिद्धि का कालखंड 15 अगस्त, 2047 को भारत को विश्व में हर क्षेत्र में प्रथम स्थान पर पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह स्वतंत्रतासेनानियों की कल्पना के भारत की रचना के 25 वर्ष हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में देश ने बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन ये काफी नहीं हैं।

### झारखंड में चारा घोटाले मामले में 35 अभियुक्तों को सजा सुनाई गई

रांची। अविभाजित बिहार के अरबों रुपए के बहुचर्चित चारा घोटाल घोटाले के अंतिम मामले कांड संख्या आरसी 48 ए/96 में आज रांची के सीबीआई की विशेष अदालत में 35 अभियुक्तों को सजा सुनाई गयी। सभी को अधिकतम चार-चार साल की सजा और सबसे कम 75 हजार तथा सबसे अधिक एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक करोड़ का जुर्माना जिला पशुपालन पदाधिकारी गौरी शंकर प्रसाद को लगाया गया। यह सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत में हुई। मामले में विशेष लोग अभियोजक रविशंकर ने सीबीआई की ओर से पैरवी की। यह मामला 27 साल पुराना है। उल्लेखनीय है कि यह मामला डोरंडा कोषागार से 36.59 करोड़ के अवैध निकासी का है। इसके पहले 28 अगस्त को इस मामले में सुनवाई हुई थी। मामले में 124 आरोपित ट्रायल फेस कर रहे थे। उनमें से 35 आरोपितों को रिहा कर दिया गया था, जबकि 53 अभियुक्तों को दो से तीन साल की सजा पहले सुनाई गयी थी। निचली अदालत ने इन्हें बेल दे दिया था। शेष बचे इन 35 अभियुक्तों को आज सजा मिली।



## खोई लय सांसों के तार में

खोई लय साँसों के तार में
खोजता निरन्तर हूँ मैं।
ऋत्त सर्जन हित पारावार में
खोजता निरन्तर हूँ मैं ।।

भूत वर्तमान भविष्यत्
जीवन से हो रहे प्रणीत।
अनव्याही साधें मन के
आँगन में खोज रही मीत


भाव कल्पना के सँसार में
खोजता निरन्तर हूँ मैं।
खोई लय साँसों के तार में
खोजता निरन्तर हूँ मैं ।।

क्षण प्रतिक्षण होते खण्डित
शीश महल अरमानों के।
सुप्त कर्म-कुञ्ज में वितथ्
स्वप्न प्रगति सोपानों के ।।

नित स्वीकृतियाँ अस्वीकार में
खोजता निरन्तर हूँ मैं।
खोई लय साँसों के तार में
खोजता निरन्तर हूँ मैं ।।

मानव संचेतन उत्कर्ष
प्राणी में व्यापित अपकर्ष।
सत्य से असत्य मिटाने
हित पौरुष जागृत संघर्ष ।।

विश्व शक्ति एवं सुख सार में
खोजता निरन्तर हूँ मैं।
खोई लय साँसों के तार में
खोजता निरन्तर हूँ मैं ।।



डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव 'पुष्कर'

# टीबी को हराने के लिए फैमिली केयरगिवर तैयार करेगी योगी सरकार

## स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीबी रोगी के परिवार के एक सदस्य को दिया जाएगा प्रशिक्षण



लखनऊ। देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को समय से साकार करने को लेकर योगी सरकार नित नई पहल कर रही है। योगी सरकार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अब टीबी मरीजों की समुचित देखभाल के लिए फैमिली केयरगिवर कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि टीबी मरीज की उचित देखभाल और सहयोग प्रदान करने में परिवार के सदस्य अहम भूमिका निभा सकते हैं। पारिवारिक देखभालकर्ता अक्सर रोगी की देखभाल सुनिश्चित करने वाले प्राथमिक प्रदाता होते हैं और उनकी भागीदारी टीबी से पीड़ित व्यक्ति के उपचार परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है।

### टीबी रोगी के लिए जिम्मेदार देखभालकर्ता की होगी पहचान

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को टीबी मुक्त बनाने के विजन को मिशन के रूप में अपनाकर प्रदेश में काम किया जा रहा है। इसी उद्देश्य के साथ योगी सरकार अब टीबी रोगियों के परिवार के सदस्यों या रोगी के करीबी लोगों में से प्राथमिक देखभालकर्ता की पहचान करने और उन्हें प्रशिक्षण देने की तैयारी कर रही है।

इस पहल के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रत्येक टीबी रोगी के लिए परिवार से एक जिम्मेदार देखभालकर्ता की पहचान की जाएगी। उन्हें टीबी रोगी के साथ अस्पताल जाने के लिए कहा जाएगा और इस दौरान रोगी की देखभाल के प्रमुख पहलुओं, उपचार और उसके अनुपालन पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे उपचार के नियमों के पालन सहित स्वस्थ व्यवहार अपनाने के लिए टीबी रोगियों और उनके परिवार के सदस्यों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार के सदस्यों और समुदाय में टीबी पर जानकारी और जागरुकता बढ़ेगी। इसके अलावा बेहतर सहयोग प्रदान करने के लिए समुदाय की क्षमता में वृद्धि होगी।

### परिवार के सदस्यों की भूमिका को मजबूत करना उद्देश्य

डीजी हेल्थ डॉ. दीपा त्यागी ने बताया कि गाइडेंस डॉक्यूमेंट ऑन इंगेजिंग फैमिली केयरगिवर्स फॉर सपोर्टिंग पर्सन्स विद ट्यूबरक्लोसिस के अनुसार कई अध्ययनों से पता चला है कि पारिवारिक देखभाल से रोगी और देखभाल करने वाले के सम्बन्ध बेहतर होते हैं और देखभालकर्ता का आत्मविश्वास बढ़ता है। देखभाल करने वाले कठिन परिस्थितियों को संभालना सीखते हैं, जिससे उनमें संतुष्टि का भाव आता है और इसका सीधा प्रभाव रोगी के स्वास्थ्य परिणाम पर पड़ता है।% फैमिली केयरगिवर कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक देखभालकर्ताओं के रूप में परिवार के सदस्यों की भूमिका को मजबूत करना, देखभाल, रोकथाम के विभिन्न पहलुओं में उनकी क्षमताओं का निर्माण करना और रोगियों के सफल परिणाम सुनिश्चित करने के लिए परिवारों को आवश्यकता-आधारित सहायता प्रदान करना है। यह टीबी मरीज के लिए बेहद मददगार साबित हो सकता है। यह जटिलताओं के शुरुआती लक्षणों की पहचान करके उन्हें रोकने और बीमारी के दौरान समय पर रेफरल द्वारा रोगी और उनके परिवार के सदस्यों को व्यापक और समग्र देखभाल और सहायता सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा इससे इलाज, उचित पोषण सुनिश्चित करने और उपचार के मानकों का पालन करने में मदद मिलेगी जिससे टीबी से पीड़ित व्यक्तियों के समग्र स्वास्थ्य परिणामों में सुधार होगा।

# यू-सीआरआईएसपी टूल का लोकार्पण

भोपाल। मध्यप्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा एवं ब्रिटिश उप उच्चायुक्त एवं मंत्री सुश्री क्रिस्टीना स्कॉट के मुख्य आतिथ्य में मनरेगा कार्यक्रमों के लिए जलवायु सूचना सेवा (सीआईएस) टूल- यूनिवर्सल क्लामेट रेसिलेंस इन्फॉमेसन सिस्टम एंड प्लानिंग टूल (यू-सीआरआरआईएसपी) का मेपकास्ट परिसर में लोकार्पण हुआ।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एण्नवायरनमेंट एण्ड डेव्हलपमेंट के सहयोग से भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत यह टूल विकसित किया गया है।

सखलेचा ने बताया कि इस टूल के माध्यम से इकोसिस्टम एवं जलवायु परिस्थितियों को समझने में सहायता मिलेगी। क्लाइमेट चेंज को लेकर हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इस टूल के माध्यम से ग्रामों को जोड़ा जायेगा, जिससे प्राप्त सूचना का लाभ ग्रामों को मिल पाएगा। साथ ही इकोसिस्टम नेचर को समझने में इस टूल से सहायता मिल सकती है। श्री सखलेचा ने कहा कि विश्व के सभी देशों की समस्याओं के सभी को मिलकर समाधान निकालने होंगे। तेजी से हो रहे टेक्नोलॉजिकल चेंज से अर्बन एवं रूरल एरिया में जो अंतर आया है उसे समझ कर कार्य करना होगा।

ब्रिटिश उप उच्चायुक्त सुश्री क्रिस्टीना स्कॉट ने कहा कि तकनीकी ही सभी समस्याओं का उत्तर है। भारत एवं ब्रिटेन के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ाने के लिए हाल ही में हुए अनुबंधों का दोनों देशों को फायदा मिलेगा। अगले सप्ताह भारत में होने वाली जी 20 समूह की बैठक में भारतीय प्रधानमंत्री एवं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के बीच होने वाली बैठक में विज्ञान एवं तकनीकी से जुड़े विषयों में आपसी सहयोग से साझा कार्यक्रमों के लिए सहमति बनेगी। मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ निशांत खरे ने कहा कि रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल एवं रिस्पेक्ट ऑफ नेचर के चार मन्त्रों से ही हम प्रकृति को बचा सकते हैं।

अब समय आ गया है कि हम बिल्डिंग के बाहर आकर क्लाइमेट चेंज के बारे में बात करें। परंपरा विज्ञान से संबंधित होती है और इसका वेलिडेशन करना उचित होगा।

### पुत्र ने दिया धक्का, पिता के हुए प्राणान्त



**सोनभद्र।** ग्राम पंचायत दुगोलिया थाना शाहगंज की ग्रामपंचायत दुगौलिया का बेहद संगीन मामला जिसमें पारिवारिक मारपीट की हुई घटना में बेटे अखिलेश बैगा ने अपने पिता जर्मनी बैगा, उम्र 50 वर्ष, को धक्का दे दिया तथा मारपीट की जिससे गंभीर चोटों के कारण जर्मनी बैगा की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना शाहगंज से स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया मौके पर पहुंचने पर ज्ञात हुआ की 31 अगस्त की शाम को जर्मनी बैगा एवं उसकी पत्नी पार्वती अपनी बहू संजू के घर थे तथा ग्राम दुगौलिया में ही शाम को खाने पीने का कार्यक्रम रखे हुए थे। शाम को शराब पीने के बाद जर्मनी बैगा की उसकी लपटा - झपटी का सिलसिला चला और मामला मारपीट में तब्दील हो गया। मौके पर जर्मनी बैगा का बेटा अखिलेश भी था जिसने अपने पिता को हटाने की कोशिश की तो आपस में लड़ाई हो गई। आवेश में आकर अखिलेश ने अपने पिता को धक्का दे दिया जिससे वह पास पड़े पत्थर पर गिर गया। वहीं पास पड़े डंडे से अखिलेश ने जर्मनी को मार दिया, जिससे जर्मनी को गंभीर चोट आई और रात में ही पुत्र द्वारा दी गई चोटों से चोटिल पिता के उड़ गए प्राण पखेरू।

# अवैध संबंध में बाधा बन रहा था ससुर, बहू ने प्रेमी संग मिल कर गला दबाकर मार डाला

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**बलरामपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र अन्तर्गत हुई हत्या की घटना का 24 घंटे अंदर सफल अनावरण कर घटना में संलिप्त दो अभियुक्त आलाकत्ल (गमछा) के साथ गिरफ्तार जिनके कब्जे से मृतक का गायब मोबाइल व 35700 रूपये बरामद पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में हुई हत्या की घटना के अनावरण हेतु दिए गये थे जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी बृजनंदन राय के नेतृत्व में टीम गठित किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि मनीष कुमार पुत्र रामजागे निवासी ग्राम सुहागिनपुरवा मश0 कोइलिहा थाना कोतवाली देहात पर बीते 30 अगस्त को एफआईआर दर्ज कराया गया था जिसके आधार पर पीड़ित के मृतक पिता रामजी वर्मा उर्फ रामजागे वर्मा पुत्र कामता प्रसाद की संदिग्ध हालत में मृत्यु की सूचना पर शव का पंचायतनामा भरा कर पोस्टमार्टम कराया गया।

पीएम रिपोर्ट में मृत्यु की वजह एंटिमार्टम स्ट्रांगुलेशन आने के फलस्वरूप थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा 478/23 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ। विवेचना प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे द्वारा प्रारम्भ किया।

विवेचना पश्चात दो अभियुक्त अवनीश वर्मा पुत्र अशोक कुमार वर्मा निवासी फिरोजपुर थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर व अभियुक्ता सलोनी वर्मा पत्नी मनीष वर्मा निवासी सुहागिनपुरवा मश0 कोइलिहा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर का नाम प्रकाश में आया। दोनो अभियुक्तों से पुलिस द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि हम दोनों के बीच अवैध सम्बन्ध है, उनके अवैध सम्बन्धों की जानकारी मृतक को हो गयी थी और मृतक द्वारा कई बार इस पर आपत्ति की गयी इसलिए उनको रास्ते से हटाने की योजना बनाकर विगत 29/30.08.2023 की रात्रि को इसी योजना के अन्तर्गत उनकी गला घोंटकर हत्या कर दी गयी।

शुक्रवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा दोनो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता सलोनी के कब्जे से मृतक के गायब मोबाइल व 35700 रूपये बरामद किये गये हैं तथा अभियुक्त अवनीश वर्मा के कब्जे से आलाकत्ल एक गमछा जिससे गला घोंट कर हत्या की थी। दोनों ने घटना करना स्वीकार किया हैं। अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

# 25 सितम्बर को सोनभद्र योग महोत्सव का होगा भव्य आयोजन



सोनभद्र। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना के धन्वंतरि पतंजलि योग संस्थान और उत्तर प्रदेश योगासना स्पोर्ट्स एसोसिशन के संयुक्त तत्वाधान एवम सोनभद्र सांसद पकौड़ी लाल कोल के सहयोग से ओबरा मनोरंज क्लब 1 में 25 सितंबर को जनपद सोनभद्र में पहली बार योग महोत्सव का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम में राबर्ट्सगंज सांसद पकौड़ी लाल कोल ने मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार की मंत्री अनुप्रिया पटेल के उपस्थित होने बात भी कही है और कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के खेल मंत्री गिरीश यादव तथा समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड के भी उपस्थित होने की जानकारी है। कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय कुमार ने योग महोत्सव एवम कला प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य सोनभद्र की प्रतिभा को निखारना और एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाना बताया।संसदीय ने कहा कि मंत्री के माध्यम से आदिवासी गुरुकुल एवम प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र तथा योगा केंद्र की स्थापना हेतु जमीन के भूमि पूजन का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने के आशय की जानकारी देते कहा कि विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल, अंग वस्त्र के साथ आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। कार्यक्रम में संस्थान के सभी पदाधिकारी एवम कार्यक्रम प्रभारी के रूप विनय श्रीवास्तव, योगाचार्य विजय यादव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रेम प्रकाश, प्रभारी दरोगा यादव, सह प्रभारी संदीप मद्धेशिया, ऋषिका अग्रवाल, आयुष बंसल, यश गर्ग तथा उत्तर प्रदेश कमेटी एवं संस्थान की पदाधिकारियों की मौजूदगी रहेगी कार्यक्रम में।

# भोपाल में 5 सितंबर को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 5 सितम्बर को भोपाल में आयोजित होगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार समारोह में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के लिए चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के लिए चयनित शिक्षकों की सूची जारी की है। इसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक श्रेणी में 8 और उच्चतर माध्यमिक शिक्षक श्रेणी में 6 शिक्षकों का चयन किया गया है। इस तरह कुल 14 शिक्षकों को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2022 प्राप्त दो शिक्षकों रायसेन जिले से नीरज सक्सेना और शाजापुर जिले से ओमप्रकाश पाटीदार को भी सम्मानित किया जाएगा।

# खरगोन में शिव डोला समारोह में बड़ी संख्या शामिल हुए श्रद्धालु

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिला मुख्यालय पर आज दो लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान सिद्धनाथ महादेव व महाबलेश्वर महादेव की शिव डोला झांकी में शामिल हुए।

खरगोन में 55वें शिव डोला में अधिष्ठाता भगवान सिद्धनाथ महादेव ने भगवान महाबलेश्वर महादेव के साथ खरगोन नगर का वार्षिक भ्रमण किया। भादो बदी दूज के दिन निकलने वाले शिव डोले में छह राज्यों के 19 लोक नृत्य दल, 25 झांकियां, सात अखाड़े, 10 ढोल पार्टी व दो नगाड़ा दल शामिल हुए।

प्रात: 4-00 बजे से शिव डोला समिति के पुजारी पंडित राजू महाराज पगार के आचार्यत्व में सिद्धनाथ महादेव मंदिर स्थापना कर्ता मल्लीवाल परिवार ने सपरिवार पूजा अर्चना अभिषेक कर भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव से नगर भ्रमण का आह्वान किया। इसके उपरांत समिति पदाधिकारियों ने पूजन आरती की।

सुबह 10: 00 भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव व महाबलेश्वर महादेव श्रृंगारित पालकी में भ्रमण के लिए रवाना हुए। इस दौरान रुद्राक्ष मित्र मंडल के 21 नगाड़ो, झांझ, मंजीरा, शंखनाद, पुष्प वर्षा व उज्जैन महाकाल की कलाबीन तोप की गूंज के साथ निकली पालकी यात्रा भावसार धर्मशाला परिसर पहुंची।

शिव डोला समिति के अध्यक्ष नवनीत लाल भंडारी, मंदिर स्थापना कर्ता परिवार के गुलाबचंद भावसार, सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, खरगोन विधायक रवि जोशी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, संरक्षक व अन्य पदाधिकारियों ने महा आरती की।

शिव डोला आयोजन समिति के प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया कि झांकियों में विभिन्न पौराणिक दृश्यों के अलावा राष्ट्रभक्ति से जुड़े प्रसंग प्रदर्शित किए गए। शनिवार तड़के 4: 00 बजे तक चलने वाले शिव डोला समारोह में शामिल होने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए करीब 100 भोजन व नाश्ता स्टॉल लगाए गए हैं।

### शिवराज करेंगे अतिथि शिक्षक पंचायत को संबोधित

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अध्यापन कराने वाले अतिथि शिक्षकों की पंचायत को संबोधित करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पंचायत कल 2 सितम्बर को लाल परेड मैदान भोपाल में दोपहर 12 बजे से होगी। पंचायत में स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित स्कूलों के लगभग 64 हज़ार अतिथि शिक्षक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से शामिल होंगे। प्रदेश के विभिन्न अंचलों से लगभग 10 हजार अतिथि शिक्षक इस पंचायत में शामिल रहेंगे। शेष अतिथि शिक्षक अपने स्थानों से कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखेंगे। सजीव प्रसारण विभिन्न संचार माध्यमों पर किया जायेगा। स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार सहित विभागीय अधिकारी भी इस पंचायत में उपस्थित रहेंगे।

# मेडिकल कॉलेज सीधी के लिए बहुत बड़ी सौगात है : शिवराज




**सीधी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहाँ लाड़ली बहना सम्मेलन में कहा कि राखी कच्चे धागों का नहीं स्नेह और आत्मीयता का बंधन है। मेरे जीवन का उद्देश्य महिलाओं का कल्याण और विकास करना है। बहनों का जीवन बदल गया तो मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थक हो जायेगा।

मुख्यमंत्री ने 156 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना से हर महीने बहनों को एक हजार रूपये दिये जा रहें है, योजना ने बहनों का मान-सम्मान बढ़ाया है। यह कोई कर्मकांड नहीं सामाजिक क्रांति है। योजना की राशि को बढ़ाकर 3 हजार रूपये किया जायेगा। उन्होंने सीधी जिले में प्रवास के दौरान मेडिकल कॉलेज तथा रामपुर नैकिन में 100 बिस्तर के अस्पताल का शिलान्यास किया। उन्होंने सेमरिया में नगर परिषद बनाने, हनुमानगढ़ उप तहसील को तहसील बनाने तथा गिजवार में सीएम राईज स्कूल खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पटपरा क्षेत्र के 35 गाँवों में सिंचाई सुविधा के लिए लिफ्ट एरिगेशन स्कीम लागू करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक सेवा केन्द्रों में अब 40 रूपये के स्थान पर 20 रूपये की फीस लगेगी। मिनी आँगनवाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता का मानदेय 6500 से बढ़ाकर 7250 रूपये तथा आँगनवाड़ी सहायिका का मानदेय 5750 रूपये से बढ़ाकर 6500 रूपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूँ। लाड़ली बहना योजना से 10 सितम्बर को ग्वालियर से 1 हजार रूपये दिये जा रहे हैं। अक्टूबर माह से हर महीने बहनों को 1250 रूपये मिलेंगें। इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 3 हजार रूपये किया जायेगा। गाँव-गाँव में लाड़ली बहना सेना बना दी गई है। बहनों की यह सेना शासन की योजनाओं को लागू कराने में सहयोग करेगी। स्व-सहायता समूह की बहनों की आमदनी हर महीने 10 हजार तक करने का प्रयास कर रहे है। मेरिट में आने वाले बच्चों को स्कूटी दी गई है उन्हें साइकिल, छात्रवृत्ति और कम्प्यूटर के लिए 25 हजार रूपये दिये गये हैं। गरीब परिवार के सभी वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश लेने पर सरकार उनकी फीस भरेगी। सभी भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टें दिये जायेगें।